संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 27 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



ओमान के प्रधानमंत्री से एनएसए अजीत डोभाल ने भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 173 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# जरूरत पड़ी तो बॉर्डर पार जाकर मारेंगे: सिंह

## हमलों के बाद पीएम मोदी ने 10 मिनट में स्ट्राइक का फैसला लिया था: राजनाथ सिंह

**दो टूक**

8 'भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है'



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह जम्मू विश्वविद्यालय के जनरल जोरावर सिंह ऑडोटोरियम में सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है। भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उरी और पुलवामा की जो घटना थी, उस वक्त मैं ही गृह मंत्री था। जब मैं अपने शहीद जवानों का शव अपने कंधे पर लेकर आगे बढ़ा, तो जो हमारी स्थिति थी उसे शब्दों में बयान नहीं कर सकते हैं। इन घटनाओं के बाद पीएम मोदी के साथ एक बैठक हुई। मैं पीएम की इच्छाशक्ति की सराहना करना चाहूंगा कि उन्होंने 10 मिनट के अंदर फैसला कर लिया। इसके बाद आपने देखा कि हमारे जवानों ने सीमा के इस पार ही नहीं बल्कि उस पार जाकर आतंकवादियों का सफाया करने में कामयाबी हासिल की। इसके साथ ही भारत ने दुनिया को ये मैसेज दिया कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है। भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है।

**अब भारत को दुनिया गंभीरता से सुनती है:** राजनाथ ने कहा कि नौ साल में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा, भारत का कद बढ़ा है। पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था, तो भारत की बातों को जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए, उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है।

### 'भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई'



**राजनाथ** सिंह बोले कि जब से भारत आजाद हुआ है, कई भारत विरोधी ताकत भारत के भीतर अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं। पाकिस्तान की जमीन से इसके लिए बड़े पैमाने पर लगातार कोशिश की गई है। हमारी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शुरू की और पहली बार देश ही नहीं दुनिया ने जाना की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का क्या मतलब होता है। आतंकवाद का पूरे का पूरा नेटवर्क यहां जम्मू और कश्मीर में दशकों से काम कर रहा था।

### 'सैनिकों के पराक्रम पर सवाल उठाया जाता है तो तकलीफ होती है'

**राजनाथ** सिंह ने कहा कि साल 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीन की सेनाओं ने प्रोटोकॉल को नजर अंदाज किया था, जिसकी वजह से विवाद पैदा हुआ। गलवान की घटना को तीन साल बीत चुके हैं मगर सेना के शौर्य, पराक्रम और संयम को देश कभी भूल नही सकता। मुझे तकलीफ तब होती है जब सरकार को कटघरे में खड़े करने के प्रयास में हमारे देश के सैनिकों के पराक्रम पर ही सवाल उठाया जाता है।

### 'ओबामा सोचें कि उन्होंने कितने मुस्लिम देशों पर हमले किए'

**भारतीय** मुसलमानों के अधिकारों को लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की टिप्पणी पर रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो विश्व में रहने वाले सभी लोगों को भी परिवार का सदस्य मानता है।

उनको अपने बारे में भी सोचना चाहिए कि उन्होंने कितने मुस्लिम देशों पर हमला किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ही दुनिया का इकलौता देश है जो सारी दुनिया को अपना परिवार मानता है, ये बात बराक ओबामा को याद रखनी चाहिए।



# पहलवानों का बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने आंदोलन खत्म कर दिया है। महिला पहलवान साक्षी मालिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने रविवार देर रात ऐलान किया। इनका कहना है कि अब अपनी लड़ाई सड़क पर नहीं, अदालत में लड़ी जाएगी। ये तब तक जारी रहेगी, जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

**पहलवानों ने कहा- सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा:** साक्षी ने लिखा, सरकार के साथ 7 जून को बातचीत हुई। सरकार ने पहलवानों के साथ किए वादे पर अमल करते हुए महिला कुश्ती खिलाड़ियों की और से महिला उत्पीड़न और यौन शोषण के संबंध में की गई शिकायतों पर एफआईआर दर्ज की।

### विनेश बुडापेस्ट प्रतियोगिता में भाग लेंगी, 10 महीने बात वापसी करेंगी

**विनेश** फोगाट अगले महीने बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विनेश को उनकी पसंद के कोच और फिजियो भी दिए गए हैं। बुडापेस्ट इवेंट कुश्ती साल की चौथी और आखिरी रैंकिंग सीरीज है। एडहॉक कमेटी और सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में विनेश के नाम को मंजूरी दी गई, जिससे 10 महीने बाद अब उनकी मैट पर वापसी हो रही है।

**न्याय की उम्मीद**

8 अब अपनी लड़ाई सड़क पर नहीं, अदालत में लड़ी जाएगी। ये तब तक जारी रहेगी, जब तक न्याय नहीं मिल जाता

दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी करके 15 जून को कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। इस केस में पहलवानों की कानूनी लड़ाई सड़क की जगह कोर्ट में जारी रहेगी। कुश्ती संघ के सुधार के संबंध में नई कुश्ती संघ के चुनाव की प्रक्रिया वादे के अनुसार शुरू हो गई है। चुनाव 11 जुलाई को होना तय है। सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा।

**एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप मुख्य टारगेट, ट्रायल में छूटः** एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर भारत की नजर हमेशा से रहती है। इसी वजह से भारतीय ओलिंपिक संघ के एडहॉक पैनल ने 6 आंदोलनकारी पहलवानों के लिए आगामी एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया को सिर्फ एक मुकाबले की प्रतियोगिता कर दिया है।

# दिल्ली: झटका, 9.46% बढ़ेंगे बिजली के दाम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने एक बड़ा फैसला लिया है जिससे दिल्लीवालों को तगड़ा झटका लगा है। डीईआरसी ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट 9.46 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दे दी है।

इस अनुमति के साथ ही अब दिल्लीवालों को बढ़ा हुआ बिजली का बिल देना पड़ेगा। अब जो भी बिल आएगा वह लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़कर आएगा।

**'बढ़ते दाम के लिए केंद्र जिम्मेदार, जीरो बिल वालों का बिल अब भी रहेगा जीरो':** आज दिल्ली में लिबासपुर स्कूल के उद्घाटन से पहले मीडिया से बात करते हुए शिक्षा एवं बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली दरों में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों का बिल जीरो आता था, उनका बिल अब भी जीरो ही आएगा।

**जेब पर चपत**

8 डीईआरसी ने दी पावर परचेज एडजस्टमेंट कास्ट बढ़ाने की अनुमति, केजरीवाल ने केंद्र को बताया जिम्मेदार

**'सरचार्ज बढ़े या घटे, जिनका बिल जीरो आता है वह आता रहेगा...':** दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट 9.46 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद से विपक्षी दलों ने आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला करना शुरू कर दिया है।

### 'टेस्टिकल्स को दबाना हत्या का प्रयास नहीं'

**बेंगलुरुः कर्नाटक** हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के एक फैसले को बदलते हुए कहा, लड़ाई के दौरान टेस्टिकल्स को दबाना हत्या का प्रयास नहीं है। आरोपी ने हत्या के इरादे से टेस्टिकल्स नहीं दबाए थे। अगर उसे हत्या करनी होती तो वो धारदार हथियार लाता। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह केस 2010 का है। ओंकारप्पा अपने गांव के मेले में नरसिम्हास्वामी जुलूस के दौरान अन्य लोगों के साथ डांस कर रहा था। तभी परमेश्वरप्पा अपनी बाइक से वहां पर पहुंचा और झगड़ा करने लगा। लड़ाई के दौरान परमेश्वरप्पा ने ओमकारप्पा के टेस्टिकल्स दबाए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को यहां 'नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता की।

# टमाटर हुए 'लाल': बाजार में 100 रुपए किलो बिक रहा टमाटर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश के** ज्यादातर बाजारों में टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। होलसेल मार्केट में टमाटर 65-70 रुपए प्रति किलो में बिक रहे हैं। एक हफ्ते पहले होलसेल मार्केट में टमाटर 30-35 प्रति किलो में बिक रहे थे। रिटेल मार्केट में इसकी कीमत करीब 40-50 रुपए किलो थी। यानी दाम करीब-करीब दोगुने हो गए हैं। एक महीने पहले यानी मई में तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में टमाटर 2-5 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। यानी एक महीने में ही टमाटर की कीमतों में 1900% की बढ़ोतरी हुई है।

**दिल्ली में 70 रुपए से 100 रुपए तक बिक रहा टमाटर:** दिल्ली में 70 से 100 रुपए प्रति किलो में टमाटर बिक रहा है। मध्य प्रदेश के मार्केट में टमाटर 80 से लेकर 100 रुपए जबकि उत्तर प्रदेश में 80 से 100 रुपए, राजस्थान में 90 से 110 रुपए और पंजाब में 60 से 80 रुपए में बिक रहे हैं।

# यूपीए के कंधों पर खड़ी है मोदी सरकार: पी. चिदंबरम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के उस आर्टिकल का जवाब दिया है, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया है। चिदंबरम ने कहा कि 5 से 10 साल तक शासन करने वाली कोई भी सरकार उन उपलब्धियों का दावा करने में सक्षम होगी जो वित्त मंत्री ने बताईं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार यूपीए सरकार के कंधों पर खड़ी है।

8 विपक्ष की भूमिका अदालतों में याचिका दायर करके मोदी सरकार के कामकाज में बाधा डालने की रही

आर्टिकल में, वित्तमंत्री सीतारमण ने बताया कि विपक्ष की भूमिका अदालतों में याचिका दायर करके मोदी सरकार के कामकाज में बाधा डालने और देरी करने की रही है।

# मणिपुर: 24 घंटे में उग्रवादियों के 12 बंकर ध्वस्त

**सर्च ऑपरेशन**

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर पिछले 53 दिनों से हिंसा जारी है। सुरक्षाबलों और पुलिस ने रविवार को राज्य के 7 जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। मणिपुर पुलिस और सुरक्षाबलों ने इन जिलों में पिछले 24 घंटों में हिंसा फैलाने वाले लोगों के 12 बंकर नष्ट किए हैं। पुलिस ने इन्हें उग्रवादी बताया है। सुरक्षाबलों ने तामेंगलोंग, इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और काकचिंग जिलों में जॉइंट ऑपरेशन चलाया और हिल और वैली दोनों जगह इन बंकरों को नष्ट कर दिया। मणिपुर के हालात को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम को 24 जून को सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा की भी जानकारी दी



8 सुरक्षाबलों ने 8 जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया, राज्य के हालात पर पीएम मोदी से मिले शाह

**भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामदः** पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन 51 मिमी मोर्टार और 84 मिमी मोर्टार गोले साहुमफाई गांव के खेत में पाए गए। कांववई और एस कोटलियान गांव के बीच के एक खेत में एक आईडी भी मिला।

**भड़काऊ** चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे 7 व 4 मील के पास बीती रात से बंद, दस हजार वाहनों के पहिए हुए जाम

# हिमाचल में कुदरत का कहर...मंडी में बारिश से बिगड़े हालात

**लैंडस्लाइड**

8 पर्यटकों को सड़क किनारे रुककर बितानी पड़ी रात, कमांद के पास लैंडस्लाइड के कारण बंद



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**पूरे प्रदेश** में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते मनाली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे और मंडी कटौला वाया बजोरा मनाली रोड गत रात्रि से बंद है। जिस कारण पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संपर्क मार्ग बंद हो जाने से पंडोह से नेरचौक तक करीब 10000 गाडियों के पहिए थम चुके हैं। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि लॉन्ग रूट की गाड़ियों को फिलहाल नेरचौक के पास रोका जा रहा हैं ताकि शहर में जाम की स्थिति पैदा ना हो। पंडोह के खोतीनाला में रोड बंद होने के कारण हजारों की संख्या में पर्यटकों की गाडियां जाम में फंस गई है। लगातार बढ़ रही गाडियों की आवाजाही के चलते मंडी पुलिस विभाग कुल्लू मनाली की तरफ जाने वाली बसों से लेकर छोटे-बड़े सभी वाहनों को रोक दिया गया है और पर्यटकों को रोड की स्थिति से अवगत करवाकर वापिस भेजा जा रहा है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि भारी बारिश के चलते मनाली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे और मंडी कटोला वाया बजोरा मनाली रोड गत रात्रि से बंद है जिस कारण जिला मंडी में जिला में ट्रेफि क की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पंडोह से लेकर सुंदरनगर तक करीब आठ से दस हजार छोटे बड़े वाहनों की लाइनें लगी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस दल तैनात किया गया हैं।

### चंबा के 100 बच्चे फंसे पराशर में

**वहीं** पर्यटन नगरी प्रशासन घूमने आए जिला चंबा के निजी स्कूल के 100 बच्चे पराशर में ही फं से हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने इन सभी बच्चों की होमस्टे ठहराने की व्यवस्था की है।

# नशे के विरूद्ध सीएम सुक्खू ने दिलाई शपथ

**जागरूक किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सिंह सुक्खू ने नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत वर्चुअल माध्यम से शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम का ऊना के पंचायत भवन परिसर में भी सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त ऊना राघव शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त राघव शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत ही ऊना में नशा मुक्त ऊना अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए संगठित तौर पर नशे के खिलाफ जन जागरूकता लाना है।



उन्होंने कहा कि इस बार नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस का थीम लोग पहले- कलंक और भेदभाव से रोके, रोकथाम को मजबूत करना को केंद्र में रखा गया हैं।

8 नशे से पीड़ित व्यक्ति के प्रति लोगों व समाज को भी अपनी सोच को बदलना होगा

उन्होंने कहा कि नशे से पीड़ित व्यक्ति के प्रति लोगों व समाज को भी अपनी सोच को बदलना होगा ताकि नशे की आदत से पीड़ित व्यक्ति को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके।

# सीएम ने की नशा मुक्त हरियाणा अभियान की शुरूआत

## मुख्यमंत्री ने किया आह्वान, नशे की समस्या को दूर करने के लिए संत जनों के माध्यम से समाज के अंदर हर व्यक्ति, हर संस्था अपनी भूमिका निभाएं, नशा मुक्ति हरियाणा अभियान के तहत बनाई जाएगी नई टास्क फोर्स, हरियाणा में नशा बेचने वाले 6044 लोगों को किया गया गिरफ्तार, 52-53 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी की गई अटैच

**नशा मुक्त**

**8 नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नई टास्क फॉर्स भी बनाई जाएगी ताकि नशे पर पूर्ण रूप से अंकुश लग सके**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा से** नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रदेशव्यापी नशा मुक्त-हरियाणा अभियान की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने 5 मई को अपने जन्म दिवस पर संत समाज के साथ शुरू किए गए नशा मुक्ति के संकल्प को मात्र 51 दिनों में ही धरातल पर उतार दिया। नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नई टास्क फॉर्स भी बनाई जाएगी ताकि नशे पर पूर्ण रूप से अंकुश लग सके। नशे की समस्या से अधिक प्रभावित सिरसा, अंबाला, यमुनानगर और पंचकूला जिलों पर विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार के साथ संत समाज सहयोगात्मक तरीके से नशा पीड़ितों को जागरूक कर उन्हें समाज में मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे और नागरिकों को भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताएंगे, ताकि कोई व्यक्ति नशे का आदि न बने।

नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज पंचकूला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में आज जिन बच्चों का जन्म दिवस है, उन्हें मुख्यमंत्री ने पुष्प गुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन का सही उद्देश्य तभी सफल होगा, जब हम मिलकर एक अभियान चलाएं और इस अभियान को समाज हित में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने आह्वान किया कि नशे की समस्या को दूर करने के लिए संत जनों के माध्यम से समाज के अंदर हर व्यक्ति, हर संस्था अपनी भूमिका निभाएं। मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने कभी अपना जन्म दिवस नहीं मनाया था, लेकिन इस बार 5 मई को यह मन में आया कि इस दिन किसी अच्छे काम की शुरूआत करनी चाहिए। इसी सोच के साथ संत समाज के सामने जल संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान के दो विषय रखे थे। इसी सोच को सार्थक करते हुए आज नशा मुक्त हरियाणा अभियान का आगाज किया जा रहा है। जो क्षेत्र खासकर सिरसा से लेकर अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला, इस समस्या से प्रभावित है, वहाँ से सभी संस्थाओं को बुलाया गया है।







### संत समाज नशा मुक्ति अभियान में सरकार का देगा सहयोग

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि आज इस कार्यक्रम के आयोजन से यह स्पष्ट दिखता है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल नशे जैसी बुराई पर कितना अधिक गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि 5 मई को मुख्यमंत्री के साथ संतों ने इस नशा मुक्ति के भाव को पूरी तरह से स्वीकार किया और केवल स्वीकार ही नहीं किया बल्कि योजनाएं बनाकर उस पर कार्य करना प्रारंभ किया है। यह निश्चित रूप से एक अच्छी पहल है। संत समाज नशा मुक्ति अभियान में सरकार का पूरा सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा में बड़ी अच्छी पहल हुई थी कि गांवों के सरपंच पढ़े लिखे होंगे। आज युवा वर्ग सरपंच बनकर अच्छी ऊर्जा व चेतना के साथ प्रगति के कार्य करने की योजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। जियो गीता के तहत भी किए जाने वाले कार्यक्रमों में हरियाणा सरकार की पहल नशा मुक्त अभियान को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 152 नशा मुक्ति केंद्र है और इन केंद्रों में जियो गीता का प्रयास रहेगा कि योग व व्यायाम करवाया जाए। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हरियाणा देश का ऐसा प्रथम राज्य बनेगा, जो नशा मुक्त होगा। इस अभियान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार और सभी संबंधित विभागों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सभी संतों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत उनकी संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों से हरियाणा को नशामुक्त करने के लिए शुरू की गई पहल को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने और अन्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने की शपथ भी दिलाई।

### नशा मुक्ति हरियाणा अभियान के तहत बनाई जाएगी नई टास्क फोर्स

**मनोहर** लाल ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी, जिसमें सभी सामाजिक संस्थाएँ, धार्मिक संस्थाएं, सरकार के प्रतिनिधि व पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि इस टास्क फोर्स का हिस्सा होंगे। सभी लोग आपसी समन्वय स्थापित कर पूरे प्रदेश में अभियान चलाएंगे। उन्होंने बताया कि दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने हेतु मोबाइल ऐप साथी बनाया है।

आपराधिक गतिविधियों के डेटाबेस के लिए सॉफ्टवेयर हॉक विकसित किया है तथा पंचकूला में अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार जन जागृति के लिए विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। इसके लिए ग्राम से राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया है।

## 101 करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थों का किया गया निस्तारण: मनोहर लाल

### डबवाली को पुलिस जिला बनाया गया है, जो 15 अगस्त से काम करेगा




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर राज्य भर में लगभग 101 करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थो का निस्तारण किया गया है। पंचकूला में आज 25 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला के गांव बागवाला में मादक पदार्थों के निस्तारण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर गृह मंत्री अनिल विज, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद, पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल भी उपस्थित रहे। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थ में संलिप्त लोगों पर पुलिस को शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी मंत्रणा कर नशे के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई है। डबवाली को पुलिस जिला ड्रग कंट्रोल के लिए बनाया गया है, जो 15 अगस्त से काम करना शुरू कर देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागवाला में चार जिलों से बरामद नशीले पदार्थों को अदालत के आदेश के बाद नष्ट करने का काम किया। इसमें 35 किलो चूरा पोस्त, 4 किलो हीरोइन, 500 ग्राम स्मैक, 6 किलोग्राम चरस, 21 किलोग्राम अफीम, एक लाख 75 हजार से अधिक गोलियां व कैप्सूल्स एवं इंजेक्शन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1987 से 26 जून को दुनियाभर में नशा मुक्ति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। पंचकूला में भी आज 4 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संत समाज, संस्थाएं मिलकर प्रदेश को नशा मुक्त करने में सहयोग करेंगे तो निश्चय ही प्रदेश जल्द ही नशा मुक्त होगा।

**8 मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थ में संलिप्त लोगों पर पुलिस को शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए**



नशे के विरुद्ध अभियान के खिलाफ निकाय मंत्री कमल गुप्ता साईकिल रैली के हरी झंडी दिखाते हुए।

## लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर आज हिसार में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन के माध्यम नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साइकिल रैली में 12 अलग-अलग संस्थानों की महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों सहित स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस साईकिल रैली को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। इस अवसर पर डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि साइकिल रैली का मकसद आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। आज नशा एक ऐसी बीमारी है, जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में ले रहा है। शराब, सिगरेट, तंबाकू एवं अलग-अलग तरह के ड्रग्स जहरीले पदार्थों का सेवन करके युवा वर्ग नशे का शिकार हो रहा है। डॉ. कमल गुप्ता ने लोगों, विशेषकर युवाओं से न केवल नशीली दवाओं से दूर रहने का आग्रह किया, बल्कि नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन से भी लड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल गतिविधियां, साइकिलिंग और जिम जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें ऐसा करने से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे।

## 'लिखकर दे उसको फ्रे करा रखूंगा चुनाव उचाना से लड़ूंगा उसके बाद उनको वापस देके आऊंगा'

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री बीरेंद्र सिंह द्वारा उचाना से डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के चुनाव न लडने को लिखित में देने के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को कहा कि वो उचाना से ही चुनाव लड़ेंगे, इस बात में कोई संशय नहीं। वे बोले, बीरेंद्र सिंह से ये बात लिखवा लाओ मैं मान जाऊंगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गांव कसूहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा जेजेपी का विस चुनाव में खाता भी न खुलने के बयान पर डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारा काम मेहनत करना है। किसी को ये आंकने की न तो क्षमता है न कोई इतनी बड़ी भविष्यवाणी करने वाला व्यक्ति है किसके कितने बचने है और क्या परिस्थिति रहेंगी। हमें तो आज से चार साल पहले छोरों की पार्टी कहा जाता था और हमने मेहनत करके 16 प्रतिशत वोट लिए और आज हमारा टारगेट उसको दोगुना करना है। बीरेंद्र सिंह द्वारा विस चुनाव में दुष्यंत चौटाला के गांव में रात बिताने पर दिए बयॉन पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना हलके के हर कार्यकर्ता का घर मेरा अपना घर है।



## 'विपक्ष भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**इनेलो के प्रधान महासचिव एवं इनेलो विधायक** अभय सिंह चौटाला ने कहा कि देश में मोदी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। देश का विपक्ष एकजुट होकर 2024 के चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। इस महागठबंधन की शुरूआत पूर्व सीएम औमप्रकाश चौटाला द्वारा ही फतेहाबाद रैली से की गई थी। वे सोमवार को फतेहाबाद में अरोडवंश धर्मशाला में आयोजित शहरी सभा को संबोधित करने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में सोमवार को हरियाणा परिवर्तन यात्रा गांव मानावाली से शुरू हुई, जोकि भोडियाखेड़ा होते हुए फतेहाबाद शहर पहुंची। फतेहाबाद में भट्टू रोड पर पंजाबी अस्पताल के पास इनेलो कार्यकताओं व शहरी की विभिन्न संस्थाओं द्वारा यात्रा का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा लाल बत्ती चौक, फव्वारा चौक होते हुए अरोड़वंश धर्मशाला पहुंची जहां अभय सिंह चौटाला ने शहरी सभा को संबोधित किया।

इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि देश में एनडीए अब टूटने लगा है। महागठबंधन को लेकर पहली बैठक हो चुकी है। आगामी समय में होने वाली बैठकों में आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। लोकसभा चुनावों से 2-3 महीने पहले पूरी पिक्चर क्लीयर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के अनेक राजनैतिक दलों में आपसी मतभेद है लेकिन अब समय आ गया है कि इन सभी दलों को अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर और मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना होगा, तभी भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सकता है।

**विपक्ष एकजुट**

**8 अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर और मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना होगा: अभय**

## युवाओं को प्रशिक्षित करने का देश में सबसे बड़ा लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल बेरोजगार युवाओं के हुनर को तराश कर उन्हें रोजगार की मुख्यधारा में शामिल करेगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नौ हजार युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार के सेक्टर के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं के पंजीकरण शुरू कर दिए हैं और पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून, 2023 है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकरी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत देश में यह सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। इसे पूरा करने के लिए विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल करेगा।




उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज भी अपने-अपने क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के साथ जोड़ कर प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि सिलाई-कढ़ाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मीडिया, आईटी, लोजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट और हेल्थ केयर के सेक्टर में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दुधौला कैंपस और गुरुग्राम स्थित ट्रांजिट कैम्पस में दोनों जगह यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेरोजगार युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है। दो लाख से कम आमदन वाले परिवारों से संबंध रखने वाले युवाओं को 1,000 रुपए छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे।

**लक्ष्य निर्धारित**

**8 दुधौला कैंपस और गुरुग्राम स्थित ट्रांजिट कैम्पस में दोनों जगह यह प्रशिक्षण दिया जाएगा**

## 'नशे की सप्लाई करने वाला नशा करने वाले से बड़ा अपराधी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस आज पूरे विश्व में मनाया गया। इसी कडी में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने आज यमुनानगर के मुकुंद लाल जिला नागरिक अस्पताल परिसर में हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे की सप्लाई करने वाला नशा करने वाले से भी बड़ा अपराधी है उसे जितना अधिक से अधिक दंड दिया जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए हमारी लड़ाई बहुत बड़ी लड़ाई है। इसे रोकने के लिए कई संस्थाओं, पुलिस विभाग के अधिकारियों व प्रशासन के अधिकारियों को आगे आना होगा तभी इस नशे रूपी बीमारी का जड़ से खात्मा होगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांवों में व्यायामशालाएं बनवाई है, इन व्यायामशालाओं में जाकर व्यायाम करना चाहिए। खेल और शिक्षा दोनों में युवाओं को आगे अग्रसर रहना चाहिए। नशे को अगर जड़ से खत्म करना है तो समाज को जागरूक करना जरूरी है।

## खड़क मंगोली नदी में फंसी महिला को बचाने वाले लोगों के लिए मुयमंत्री ने की पुरस्कार की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने पंचकूला जिले के खड़क मंगोली गांव में बरसाती पानी के तेज बहाव में कार सहित फंसी महिला की जान बचाने वाले 15 व्यक्तियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। महिला की जान बचाने का साहसिक कार्य करने में सम्मिलित व्यक्तियों को कुल 3,15,000 रुपये की नगद राशि तथा प्रशंसा पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। ज्ञात है कि 25 जून, 2023 की सुबह करीब 9:30 बजे जिला पंचकूला की एक महिला संगीता बजाज, 69 वर्ष निवासी, एमडीसी पूजा करने के लिए गई थी और अपनी गाड़ी सहित खड़क मंगोली नदी में फंस गई थी। इसी दौरान अचानक से नदी में ज्यादा पानी आने के कारण उक्त महिला गाड़ी सहित नदी में बहने लगी। यह देख वहाँ उपस्थित खड़क मंगोली के 15 व्यक्तियों (14 युवक व 1 युवती) द्वारा अदम्य साहस दिखाते हुए उक्त महिला को काफी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला गया। इनके इस साहसिक कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

जान बचाने वाले व्यक्तियों में विक्रम, किशन, सोनू, सुनील, पप्पू कुमार, छोटे लाल, रक्षपाल सिंह चौहान, सलीम, महेन्द्र, जितेन्द्र, संजू, रणजीत, अनिल, बबलू तथा ममता शामिल हैं।

**नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष ने जिला पर्यावरण योजना के लिए सतत विकास के महत्व पर दिया जोर:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए जिला पर्यावरण योजना (डीईपी) के महत्व पर प्रकाश डाला। हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुरुग्राम में जिला पर्यावरण योजनाओं के कार्यान्वयन पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए न्यायमूर्ति गोयल ने जिला स्तर पर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में पर्यावरणीय विचारों को एकीकृत करने में डीईपी की भूमिका पर जोर दिया। न्यायमूर्ति ने कहा कि डीईपी सरकारी एजेंसियों, स्थानीय प्राधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सामुदायिक प्रतिनिधियों के बीच सहयोग देने के लिए एक भागीदारी दृष्टिकोण अपनाता है। ये योजनाएँ व्यापक पर्यावरणीय उद्देश्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय पर्यावरण नीतियों और दिशानिदेर्शों का पालन करती हैं। डीईपी का एक अनिवार्य घटक पर्यावरणीय मूल्यांकन करना है, जिसमें मौजूदा पर्यावरणीय स्थितियों का विश्लेषण करना, जिले के लिए विशिष्ट प्रमुख चुनौतियों की पहचान करना और विकासात्मक गतिविधियों के परिणामस्वरूप संभावित प्रभावों का आकलन करना है। यह मूल्यांकन उन लक्ष्यों और उद्देश्यों को निर्धारित करने के लिए आधार प्रदान करता है जो पहचाने गए पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान करते हैं और जिले के भीतर सतत विकास को बढ़ावा देते हैं।



**सम्मान**

**8 महिला की जान बचाने वाले लोगों को दी जाएगी 3.15 लाख रुपये की नगद राशि और प्रशंसा पत्र**

## न्यूज फ्लैश

### चाकू से घायल करके मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की सीआईए वन की टीम ने चाकू मारकर घायल करके मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। सीआईए वन की टीम द्वारा गत दिवस आरोपी सतेंदर उर्फ सतविंदर उर्फ मानव पुत्र मुकेश वासी छोटी मार्केट वाल्मीकि बस्ती मॉडल टाउन करनाल को विश्वसनीय सूचना पर तेजेंद्रा पार्क के पास से काबू किया गया, जबकि आरोपी के एक नाबालिग साथी को आज काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा नशा पूर्ति के लिए उक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया।
इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता करण वासी अब्दुल्लापुर जिला करनाल ने थाना सिविल लाइन में एक शिकायत देते हुए बताया कि वह सेक्टर 3 करनाल में एक फैक्ट्री में काम करता है। जब वह 16 जून को फैक्ट्री से छुट्टी होने के बाद शाम के समय अपनी साइकिल पर सवार होकर घर जा रहा था, तभी एनडीआरआई गेट के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके फोन से फोन करने के बहाने उसको रुकवाया। जब उसने कहा कि मेरे फोन में बैलेंस नहीं है तो आरोपी उसके ऊपर चाकू से हमला करके मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 379बी, 324, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी सतिंदर को आज अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है व नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करके बाल सुधार गृह मधुबन भेज दिया गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# 'नशे के नाश के लिए समाज के हर वर्ग को आना होगा आगे'

**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को करनाल के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा संपूर्ण समाज के लिए एक बड़ी समस्या है। नशे के नाश के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए युवाओं को आगे आकर प्रयास करना चाहिए।




बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मादक पदार्थ एवं इनकी तस्करी रोकने के लिए 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। नशे जैसी गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए करनाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करना अति सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू कश्मीर और कई राज्यों में नशा एक गंभीर समस्या है। नशा न केवल व्यक्ति का जीवन बर्बाद करता है, बल्कि परिवार के लिए भी संकट पैदा करता है। हरियाणा ही नहीं बल्कि सारी दुनिया इस समय नशे की समस्या से जूझ रही है। इसी के चलते राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीले पदार्थों के निषेध के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**नशे के खिलाफ भारत सरकार कर रही सख्त कार्रवाई:** राज्यपाल ने कहा कि नशे के खिलाफ भारत सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। पिछले दिनों गुजरात में नशे की बड़ी खेप पकड़ी गई थी, जिसकी कीमत करीब 800 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि नशा एक बुरी आदत है। उन्होंने बताया कि आज मेरे करनाल दौरे के दौरान जब नशा मुक्ति केंद्र में ईलाज करवा रहे युवकों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि गलत संगत की वजह से नशे की लत पड़ गई। इसलिए हमें अच्छी संगत में रहना चाहिए, हम जैसे लोगों में रहेंगे, हम वैसे संस्कार सीखेंगे। नशा मुक्ति से न केवल नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य होगा, बल्कि देश का भी विकास होगा। नशा एक बुरी आदत है जो व्यक्ति को तन, मन और धन से खोखला कर देता है।

**युवा निभाएं महत्वपूर्ण भूमिका:** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि युवा नशा मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। युवाओं को औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे जैसी चुनौती का सामना करने के लिए हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राज्य कार्य योजना तैयार करने की जिम्मेदारी ली है। इसके साथ-साथ हरियाणा राज्य मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए सोसाइटी की स्थापना की है। इस सोसाइटी के लिए एक करोड़ रुपये का वार्षिक अनुदान भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है। इसमें हरियाणा के 10 जिलों को शामिल किया गया था। 15 अगस्त 2022 को 4 और नए जिले इस अभियान में जोडे गए हैं, जिसमें करनाल जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 20 जून 2023 तक प्रदेश में 105 मुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ-साथ रेडक्रॉस सोसाइटी, बाल कल्याण परिषद जैसी अनेको संस्थाएं नशे के खिलाफ जागरुकता के कार्य में लगी हुई हैं।

**नशा समाज के लिए अभिशाप : ओमप्रकाश यादव:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है। ऐसे विषय पर कार्यक्रम का आयोजन करना अति सराहनीय है। आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार पर ध्यान देने की जरुरत है। इसके साथ-साथ जो व्यक्ति नशा नहीं करता है, उसका फर्ज बनता है कि समाज में नशे को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ पुलिस व प्रशासन को गुप्त जानकारी दे। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी का योगदान होगा तो नशे जैसी बुराई पर काबू पाया जा सकेगा।

## टीम दीपेन्द्र ने लगाया 55वां रक्तदान शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** टीम दीपेन्द्र की ओर से 55वां रक्तदान शिविर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और जरूरतमंद मरीजों के लिए पंकज गाबा की अध्यक्षता में लगाया गया। इस अवसर पर टीम दीपेन्द्र के सदस्य पीयूष शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने दर्जनों साथियों के साथ रक्तदान किया।
पंकज गाबा ने रक्तदान करने वाले साथियों का हौसला बढ़ाया और इस पुण्य कार्य के लिए उनका धन्यवाद भी किया। उन्होंने बताया कि यह उन द्वारा प्रयास



लॉकडाउन से जारी है। जब रक्त को लेकर स्थिति बहुत नाजुक थी, ब्लड बैंकों में ब्लड नहीं था, तब उन द्वारा यह मुहिम चलाई गई थी। अब तक 4500 के करीब युवा साथी अपना रक्तदान कर चुके है। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास जारी रहेगा और ब्लड बैंकों में खून की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## बालटाल में भंडारे के लिए किए 3 ट्रक रवाना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री अमरनाथ** जनशक्ति सेवा मंडल राम नगर की ओर से प्रधान मुकेश दुआ की अध्यक्षता में अमरनाथ यात्रा में भंडारे के लिए राशन से भरे 3 ट्रक रवाना किए गए। समाजसेवी गगनदीप शर्मा व राशि शर्मा ने हरी झंडी देकर ट्रकों को रवाना किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।
श्री अमरनाथ जनशक्ति सेवा मंडल के प्रधान मुकेश दुआ ने बताया कि पिछले कई वर्षों से करनाल के शिव भक्त, भोले बाबा के श्री अमरनाथ धाम की सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बाबा के श्रीचरणों में सेवा करते हुए उनके मंडल को पहली बार



भोले बाबा की कृपा एवं जम्मू एंड कश्मीर सरकार की ओर से अनुमति मिली है। उन्होंने बताया कि अनुमति मिलने पर सभी शिव भक्तों में खुशी की लहर है और उनका मंडल सभी के सहयोग से बालटाल के दूमेल में आगामी 1 जुलाई से विशाल भंडारे का आयोजन करने जा रहा है। अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ आगामी 1 जुलाई से होने जा रहा है, जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आगे भी भोले बाबा की कृपा तथा नागरिकों व सेवादारों के सहयोग से भंडारे के लिए अतिरिक्त राशन सामग्री भी वहां भेजी जाएगी। अब तक राशन सामग्री के 4 ट्रक भेजे जा चुके हैं। राशन सामग्री में आटा, चावल, मैदा, देसी घी, रिफाईंड, सूजी, चीनी, मिल्क पाउडर, मसाले, बेसन, दालें, पानी की बोतलें, पेय पदार्थ तथा ड्राई फ्रूट इत्यादि शामिल है। सतीश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, रणजोर सिंह राणा, संजय टीका, बिट्टद्दू ढल, सुरेन्द्र अग्घी, भगवान दास, जगमोहन शर्मा, नरेश शर्मा, मोनू, लक्की कोच्चर, अनिल छाबड़ा, अतुल शर्मा, मानिक शर्मा तथा अनमोल शर्मा के अतिरिक्त बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित मौजूद रहे।

## ट्रांसफॉर्मर रिपेयर फैक्ट्री से लाखों के तांबे की डकैती मामले में दो और आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा नगला चौक रिलायंस पेट्रोल पंप मेरठ रोड पर हरिसंस एनर्जी सेवर फैक्ट्री से लाखों रुपए के तांबे की डकैती के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 9500 रुपए की नकदी बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मुकेश कुमार पुत्र सुलतान सिंह वासी दिलगोरी जिला सम्बल यूपी, हाल गिरदरपुर जिला गौतमबुद्धनगर यूपी व जसबीर पुत्र नेकसी वासी ठाठी फरीदपुर कला जिला सम्भल यूपी हाल गिरदरपुर जिला गौतमबुद्धनगर यूपी को विश्वसनीय सूचना पर गिरदरपुर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा उक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। इस मामले में पहले पांच आरोपियों निसार वासी सुदामापुरी गाजियाबाद, राजबीर वासी पानीपत, अलीमुद्दीन, मुस्तफा व इलवेहसन वासियान मेरठ को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। इस मामले में संलिप्त रहने वाले अभी भी कई आरोपी फरार चल रहे हैं। उनको भी जल्द गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। यह गैंग रैकी करके लूट डकैती व चोरी की वारदातों को अंजाम देती है।
इस वारदात के संबंध में जनवरी माह को शिकायतकर्ता विकास अरोडा वासी सेक्टर 5 करनाल ने बताया कि नगला चौक रिलायंस पैट्रोल पंप मेरठ रोड पर उसकी हारीसंस एनर्जी सेवर के नाम से फैक्ट्री से करीब 14 से 15 हथियारबंद अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी फैक्ट्री के कर्मचारियों को बंधक बनाकर फैक्ट्री से करीब 2 से 3 टन तांबा लूटकर ले गए थे, जिसकी कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपए थी।

## 'नशे से होता है शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक पतन'

**पानीपत:** उपायुक्त एवम अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी वीरेंद्र कुमार दहिया आईएएस के कुशल मार्गदर्शन व भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल और वाईस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता के निदेर्शानुसार
गौरव रामकरण सचिव जिला शाखा पानीपत की देखरेख में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध व्यापार दिवस के उपलक्ष में आज 26/06/2023 को कार्यालय में जिला की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी जो कि प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं अधिकारी हरमेश चंद द्वारा जागरूक किया।

## नगर पालिकाओं में वार्डबंदी को लेकर की जा रही तैयारियां



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**आगामी** नगर पालिका चुनावो के दृष्टिद्गत इंद्री और नीलोखेड़ी नगर पालिकाओं में वार्डबंदी की तैयारियां की जा रही हैं। वर्तमान में दोनों नगर पालिकाओं में 13-13 वार्ड हैं। जनसंख्या के हिसाब से सीटों का निर्धारण हो सकता है, अर्थात सीटें बढ़ सकती है, हालांकि यह कार्य सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के बाद ही होगा।
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने दोनों नगर पालिकाओं के पुनरीक्षण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) व नगर पालिका सचिवों के साथ इस विषय को लेकर एक मीटिंग कर निर्देश दिए कि मतदाताओं की जो सूची फाईनल की गई है, उसे परिवार पहचान पत्र के साथ मैपिंग करें। यह कार्य एफ.आई.डी.आर. (फैमिली इंफोर्मेशन डेटाबेस रिपॉजिटरी यानि पारिवारिक सूचना डेटाबेस कोष) के अनुसार कर लें। इससे वार्ड अनुसार सही-सही जनसंख्या की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में, मतदाता का जो वार्ड दशार्या गया है, उसकी वोट उसी वार्ड व बूथ में होनी चाहिए, एड्रेस चाहे किसी भी जगह का हो। इसे लेकर जो त्रुटियां हैं, उनका मिलान अगले दो दिन में कर लें। इस कार्य में सम्बंधित बीएलओ की मदद ले सकते हैं। इस दौरान नीलोखेड़ी के सचिव अजीत कुमार ने नगर पालिका नीलोखेड़ी में फाईनल लिस्ट के आधार पर वोटरों की संख्या 14 हजार 264 बताई, जबकि इन्द्री के नगर पालिका सचिव ने वोटरों की संख्या 12 हजार 577 बताई। उपायुक्त ने सभी वोटरों की मैपिंग, सी.आर.आई.डी. यानि नागरिक संसाधन सूचना विभाग के साथ करने के निर्देश दिए। गौर हो कि इस विषय को लेकर बीते शनिवार को मुख्य सचिव के प्रधान सचिव के साथ एक विडियो कॉंफ्रैंस भी हुई थी। मीटिंग में एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम इन्द्री अशोक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम अमन कुमार, नगर पालिका सचिव इन्द्री मोहन लाल, नगर पालिका सचिव नीलोखेड़ी अजीत कुमार, दोनों जगहों के बीएलओ तथा सुपरवाईजर भी मौजूद रहे।

## नशे की रोकथाम के लिए सख्त से सख्त कदम उठाए सरकार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्वास्थ्य जागरूकता** अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान रामप्रसाद गोयल के कार्यालय में पहुंचकर हरियाणा रत्न अवार्डी जोगिंद्र रांवर ने उन्हें सम्मानित किया।
प्रधान रामप्रसाद ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा नशे से दूर रहकर अपने देश के बारे में सोचें। युवा पढाई के साथ खेलों की ओर अपना रूझान बढाएं और अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम रोशन करे।
जोगिंद्र रांवर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस



प्रत्येक वर्ष 26 जून को विश्वभर में मनाया जाता है। नशा कोई भी हो वह हमारी सेहत के लिए हनिकारक है। आज देश ही नहीं दुनियाभर के युवा बडी तेजी से नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। इससे न केवल उनका भविष्य और जीवन भी बर्बाद हो जाता है। जोगिंद्र रांवर ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जो कि युवा पीढी को अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह की भयंकर बीमारियों से ग्रस्त कर रही है। शराब सिगरेट तंबाकू एवं ड्रग जैसे जहरीले पदार्थो का सेवन कर युवा वर्ग का एक बडा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेलवे प्लेट फार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की भयंकर चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते हैं कि वो बच्चा कैसे नशा कर सकता है कि जिनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं होते, परंतु नशा करने के लिए केवल मादक पदार्थो की जरूरत नहीं होती बल्कि वाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडू बाम का सेवन करना कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं जो बेहद खतरनाक होते हैं।

## मोटरसाइकिल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी ऑटो** व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी रणवीर उर्फ बिल्ला पुत्र रामस्वरूप वासी नबीपुर जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित कुंजपुरा रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि उसने अगस्त 2022 में थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से एक मोटरसाइकिल



व जून 2023 में थाना घरौंडा के एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इसके बाद आरोपी के कब्जे से दूसरी मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी विभिन्न प्रकार के नशा करने का आदी है। नशा पूर्ति के लिए रूपयों का इंतजाम करने हेतु आरोपी मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

## धमकी देकर पैसे ऐंठने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना इन्द्री** की टीम द्वारा दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो सीआईए स्टाफ बनकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर व लोगों को डरा धमका कर उनसे पैसे ऐंठने की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी गुरमीत पुत्र ओमप्रकाश वासी मन्सूरपुर जिला सहारनपुर व सागर पुत्र जुगमेन्दर वासी उमरपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर शेरगढ़ टापू के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर

**निशाना बनाया**
**8 इस तरह की वारदातों को नशा पूर्ति करने, अय्यासी करने व अपने शौक पूरा करने के लिए अंजाम देते थे**

इस तरह की वारदातों को नशा पूर्ति करने, अय्यासी करने व अपने शौक पूरा करने के लिए अंजाम देते थे। इस वारदात से पहले भी आरोपियों ने इसी तरह की एक वारदात को नीलोखडी के एरिया में अंजाम दिया था। उस मामले में आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल गाड़ी बरामद की जा चुकी है। उस मामले में आरोपी गिरफ्तार हो चुके थे और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे। आरोपियों के कब्जे से 1600 रुपए की नकदी बरामद कर ली गई है।
ऐसी ही एक वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अंकित वासी न्यौरता जिला करनाल ने फरवरी माह में थाना इन्द्री में एक शिकायत देते हुए बताया कि वह ट्रक ड्राईवरी का काम करता है। 7 फरवरी को शाम के समय वह गांव चौगामा में ट्रक खडा करके अपनी मोटरसाईकिल पर अपने गांव जा रहा था। जब वह गांव चन्द्राव के पास पंहुचा तो वहां पहले से ही एक महिन्द्रा एक्सयूवी गाडी थी। गाडी के पास खड़े तीन युवको ने उसको रूकवाया और अपने आप को सीआईए स्टाफ करनाल बतलाकर उसकी तलाशी लेने लगे। उन युवकों ने उसको डर दिखाया कि किसी झूठे केस में फंसाकर हम तुझे जेल में डाल देंगे और उससे पन्द्रह हजार रुपए ले लिए। इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने स्तर पर जांच की तो पाया कि आरोपी अमित, गुरमीत व सागर ने नकली पुलिस बनकर उसको डरा धमका कर पैसे ऐंठने की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना इन्द्री में भादंसं की धारा 384, 419, 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को आज अदातल में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## संपादकीय

# सुदृढ़ हुए भारत-अमेरिका संबंध

**समय** बलवान होता है। एक समय था जब भारत के ही कई सांसदों ने नरेन्द्र मोदी को वीजा न देने का अमेरिका से लिखित निवेदन किया था। एक समय यह है जब मोदी के नेतृत्व में अमेरिका और भारत के रिश्ते सर्वाधिक बुलंद हुए हैं। मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा से यह तथ्य एक बार फिर प्रमाणित हुआ। यहां नरेन्द्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। न्यूयॉर्क से लेकर वाशिंगटन और व्हाइट हाउस तक मोदी-मोदी की गूंज हुई। अमेरिका से साथ मजबूत रिश्तों की शुरूआत नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में हो चुकी थी। उस समय बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उन्होंने कतिपय भारतीय सांसदों की मोदी को वीजा न देने की अपील वाली चिट्ठी रद्दी की टोकरी में फेंक दी थी। उन्होंने स्वयं नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। मोदी के लिए अमेरिका में रेड कार्पेट बिछाई गई। बराक भी भारत आए और इस तरह सामरिक व व्यापारिक साझेदारी आगे बढ़ी। बराक के जिन चुनिंदा विश्व नेताओं से अति घनिष्ठ संबंध थे, उनमें नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर रहे हैं। बराक की यह परम्परा उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ने भी आगे बढ़ाई। उनके कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए।नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की भूमिका का विस्तार हुआ। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत का महत्व बढ़ा है। इसको भी बाइडेन समझते हैं। नरेन्द्र मोदी और निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बेहतर आपसी समझ थी। उस दौर में दोनों देश के बीच साझेदारी का विस्तार हुआ था। उनके उत्तराधिकारी जो बाइडेन के दृष्टिकोण को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी। कहा गया कि वह अनेक मुद्दों पर भारत का विरोध कर चुके है। लेकिन यह उस समय की बात है जब वह राष्ट्रपति नहीं बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद उनका निजी रुख ही महत्वपूर्ण नहीं रह जाता। बल्कि अमेरिकी अवाम का रुख देखना भी राष्ट्रपति के लिए अपरिहार्य हो जाता है। अमेरिका के लोग भी आतंकवाद के विरोधी हैं। इस पर नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट रुख वहां चर्चा में रहता है। आमजन इससे प्रभावित है। इसके अलावा भारत व अमेरिका की आर्थिक व्यापारिक सामरिक साझेदारी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ा है। सहयोग का नया अध्याय शुरू हुआ है। नेतृत्व के आधार पर विदेश नीति का प्रभाव निर्धारित होता है। देश वही रहता है, लेकिन नेतृत्व बदलते ही अंतरराष्ट्रीय जगत में उसकी भूमिका में बदलाव आ जाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति का प्रभाव बढ़ा है। व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आमने-सामने की बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने ड्रोन, जेट इंजन और स्पेस समेत कई समझौतों का ऐलान किया। भारत ने आर्टेमिस समझौते में शामिल होने का फैसला किया है। यह समान विचारधारा वाले देशों को नागरिक अंतरिक्ष खोज के मुद्दे पर एक साथ लाता है। नासा व इसरो 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं। मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा की। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# महागठबंधन के मंथन से निकलेगा विपक्ष की मजबूती का मंत्र

सुनील कुमार महला

> “यह अलग बात है कि इन दलों में आंतरिक कलह भी दिखाई दे रही है, किन्तु इन दलों के बीच दिख रहे मतभेदों के मध्य से ही 2024 का मंत्र निकलेगा। ऐसी आशा मजबूत विपक्ष के लिए की जानी चाहिए। पटना में हुए महागठबंधन की बैठक पर भाजपा आरोप लगा रही है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन का प्रयास बिना दूल्हे की बारात है। किंतु लगातार दो चुनावो में दिल्ली की सत्ता से दूर यह विपक्षी दल यह समझते है की गठबंधन में जो सबसे बड़ा दल होगा उसका प्रधानमंत्री का उम्मीदवार होगा याने दूल्हा भी तय हो जाएगा। रविशंकर प्रसाद द्वारा उठाए सवाल का जवाब आगामी दिनों में विपक्ष द्वारा दे दिया जाएगा ऐसा विश्वास करना चाहिए। विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद कुछ टीवी चैनलों में विपक्षी दलों के मध्य व्याप्त मतभेदों की चर्चा इतनी अधिक की जा रही थी”

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जिस समय अमेरिका में भारत के लोकतंत्र की मजबूती का उदाहरण दे रहे थे, ठीक उसी दौरान विपक्षी दल एकजुटता के प्रयास में जुटे हुए दिखाई दे रहे थे। जून की 23 तारीख को बिहार के पटना में भारत के अधिकांश विपक्षी दल वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की रणनीति बना रहे थे। देश मे विपक्षी पार्टियों की बैठक में हुए मंथन से अमृत निकलेगा। इस बात पर देश की 15 से अधिक सियासी पार्टियों ने अपनी सहमति जताई है। यह अलग बात है कि इन दलों में आंतरिक कलह भी दिखाई दे रही है, किन्तु इन दलों के बीच दिख रहे मतभेदों के मध्य से ही 2024 का मंत्र निकलेगा। ऐसी आशा मजबूत विपक्ष के लिए की जानी चाहिए। पटना में हुए महागठबंधन की बैठक पर भाजपा आरोप लगा रही है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन का प्रयास बिना दूल्हे की बारात है। किंतु लगातार दो चुनावो में दिल्ली की सत्ता से दूर यह विपक्षी दल यह समझते है की गठबंधन में जो सबसे बड़ा दल होगा उसका प्रधानमंत्री का उम्मीदवार होगा याने दूल्हा भी तय हो जाएगा। रविशंकर प्रसाद द्वारा उठाए सवाल का जवाब आगामी दिनों में विपक्ष द्वारा दे दिया जाएगा ऐसा विश्वास करना चाहिए। विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद कुछ टीवी चैनलों में विपक्षी दलों के मध्य व्याप्त मतभेदों की चर्चा इतनी अधिक की जा रही थी जैसे भाजपा के सामने विपक्ष ने एक होने की कोशिश कर अपराध कर दिया हो। इन चैनलों द्वारा बैठक को बेअसर दिखाने का प्रयास बेहद हास्यास्पद प्रतीत हो रहा था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों के मेल को बेमेल बताते हुए कहा कि उन्हें अचंभा हो रहा है कि नीतीश और लालू जी को राहुल की दादी ने जेल में डाला था। आज वह राहुल से गले मिल रहे है। जेपी ने उद्धव ठाकरे की उपस्थिति पर भी तंज कसते हुए कहा कि हिन्दू शिवसेना का महागठबंधन के साथ बैठना भी आश्चर्यजनक है। उद्धव के पिता बाला साहब ठाकरे कहते थे, कांग्रेस के साथ जाने के बजाय अपनी दुकानदारी बन्द करना चाहूंगा। भाजपा अध्यक्ष को यह भी सोचना चाहिए कि शिवसेना और नीतीश जैसे विश्वनीय साथी एनडीए से अलग क्यों हुए है। दरअसल प्रजातंत्र में मजबूत विपक्ष का होना बेहद जरूरी है। विपक्षी एकता पर



भाजपा का हमलावर होना राजनीतिक लिहाज से उचित माना जा सकता है, किन्तु प्रजातंत्र की मजबूती के लिए विपक्षी एकता का स्वागत किया जाना चाहिए। मीडिया चैनलों का रुख भी विपक्षी दलों की इस बैठक के दोष गिनाता दिखाई दे रहा था। असल मे भारत के वर्तमान हालातों के मध्यनजर विपक्षी एकता की जरूरत अनिवार्य दिखाई दे रही है। इस हेतु पटना की बैठक के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उन्होंने विपक्ष को मजबूत किये जाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस क्रम में शरद पवार की भी सराहनीय भूमिका रही है। जिन्होंने यह कहकर की अब मुझे कोई पद का मोह नहीं है। ईमानदारी से विपक्षी एकता के प्रयास करता रहूंगा। विपक्षी एकता का यह प्रयास भले आंतरिक कलह में उलझा हुआ हो, किंतु इस प्रयास को कमजोर प्रयास कहना जल्दबाजी होगीं। कुछ भी हो पटना में विपक्ष एकत्रित हुआ। देश के 15 से अधिक दलों का यह महजुटान भाजपा विरोधी सोच रखने वाले दलों और राजनीतिक कार्यकर्ताओ को ताकत देगा ऐसा मानकर चला जा सकता है। पटना में देश की प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेता एकत्रित हुए इनमें कांग्रेस अध्यक्ष एकनाथ खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी,पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पंवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के डी राजा, मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स पार्टी की महबूबा मुक्ति शामिल रही। मेजबान के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उपस्थित रहे। काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक में सभी दलों के प्रमुखों ने एकजुटता का परिचय दिया। एकस्वर में एक साथ रहने और चुनाव लड़ने के संकल्प को दोहराया। इन विपक्षी दलों ने एक स्वर में कहा कि देश की वर्तमान सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। धर्म निरपेक्षता की भावनाओ को आहत कर रही है। पटना में आयोजित सामूहिक प्रेस वार्ता में सम्पूर्ण विपक्षी दलों ने एक साथ रहने और भाजपा से एक और लड़ने के संकल्प को दोहराया है। विपक्षी दलों की चार घण्टे चली बैठक में हुए निर्णय को मामूली अंतर्विरोधों के कारण पूर्ण रूप से खारिज किया जाना राजनीतिक नासमझी होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के वरिष्ठ नेता है। गठबन्धन की राजनीति में माहिर नीतीश ने 1977 हुए विपक्षी एकता के प्रयास को निकट से देखा और समझा है। जय प्रकाश नारायण के शिष्य नीतीश ने पटना में विपक्षी एकता की बैठक को अंजाम देकर यह बतलाने की कोशिश की है कि समय बलवान है। राजनीति में मिलकर लड़ने से दुश्मन को परास्त किया जा सकता है। यह सही है कि 1977 ओर 2023 के समय मे बहुत अंतर है। किंतु यह भी सही है कि प्रजातंत्र में जनता द्वारा सरकार चुनी जाती है। सामूहिक रूप से विपक्ष जनता में यह विश्वास जगाने की कोशिश करनी चाहिए कि हम एक है। लालूप्रसाद यादव ने भी कहा अब वह फिट है। लालू भी जयप्रकाश के करीबी रहे है। विपक्षी एकता में उनकी भूमिका भी बहुत अहम है। उनके प्रतिनिधि के रूप में तेजस्वी अब बड़ी भूमिका निभाते दिख रहे है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखलेश मुलायम सिंह यादव ने पटना में विपक्षी एकता के साथ सुर मिलाए। पटना में जुटे देश के प्रमुख दलों के मंथन को एक विचारधारा के दलों का मिलकर चलने ओर मिलकर लड़ने की कोशिश के रूप में देखा जाना चाहिए। देश मे गठबंधन की राजनीति के प्रयोग इससे पहले भी हुए है। 1977 का उदाहरण तो देश के सामने है। मनमोहन सिंह सयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दो बार प्रधानमंत्री रहे है। सयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का यह प्रयोग भारतीय राजनीति के इतिहास में सफलतम प्रयोग के रूप में देखा जा सकता है। भाजपा के नैतृत्व वाला गठबंधन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नाम से जाना जाता है। देश मे अभी भाजपा के नैतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार काबिज है। भाजपा इस गठबंधन का सबसे बड़ा दल है। अतएव गठबंधन की राजनीति नई नहीं है। इसका पहले भी सफलतम प्रयोग हुआ है। पटना में हुई महागठबंधन की बैठक में सबसे बड़ा दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में शामिल हुआ है। इस गठबंधन को मजबूत रखने की सबसे अधिक जवाबदेही ही कांग्रेस की बनती है। कांग्रेस देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल है। देश के हर राज्य में कांग्रेस की मौजूदगी से इंकार नहीं किया जा सकता है। राष्ट्रीय दल होने के कारण गठबंधन की मजबूती का सबसे अधिक फायदा भी कांग्रेस को मिलने की संभावना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बात को महसूस भी किया है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा की हिंदुस्तान की नींव पर आक्रमण किया जा रहा है। हम एक साथ रहेंगे। विचारधारा की रखा करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी इस महजुटान में महती भूमिका रही है। उन्होंने इस दौरान बड़ी मुखरता से कहा कि सभी दल एकजुट है। सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इतिहास का आगाज यहां से हुआ था। भाजपा इतिहास को बदलना चाहती है। हम इतिहास को बचाना चाहतें है।

## कविता

अभी फिक्र नहीं मेरे जज्बातों
का ,
कभी ज़िक्र होगा जब मेरी बातों का,
याद आयेगा वो पल हमारा
वो वक्त वो रातों का
वो सुनहरा पल याद है,
हमारी प्यारी बातों का
एहसास भी आबाद है ।
जब ख्वाबों में हम खो जाते थे,
बातों-बातों में सो जाते थे ।
सुबह होते ही आपकी आहटों का ,
आपके एक संदेश की चाहतों का ,
सब्र नहीं हो रहा ये जानते हुए भी,
आपकी उन मधुर बातों का ।
हर पल बस मुझे इंतजार था ,
वो मेरा बेपनाह प्यार था।

विकास कुमार

## गीता प्रेस जनतांत्रिक, आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण

**कृष्ण कल्पित**

**87** की उम्र में भी वही खनकती हुई आवाज! सुबह जबलपुर से ज्ञानरंजन जी (पहल पत्रिका के संस्थापक संपादक) का टेलीफोन आया। दिल में धड़का हुआ कि मुझसे कोई गलती हुई है और डांट पड़ने वाली है। लेकिन मेरी आशंका निर्मूल साबित हुई। ज्ञान जी ने मेरे गीता प्रेस पर लिखे आलेखों (फेसबुक पोस्ट) की तारीफ की और कहा कि गीता प्रेस जैसी दुनिया की अनोखी जनतांत्रिक संस्था की आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण है । कांग्रेस के जयराम रमेश हों या हिंदी के अन्य लेखक बुद्धिजीवी, जो भी गीता प्रेस की आलोचना कर रहे हैं वे इस देश की मिट्टी की तासीर से अनभिज्ञ हैं। गीता प्रेस दुनिया का अनोखा छापाखाना है। इसका विरोध नहीं, अध्ययन और शोध होना चाहिए। फिर ज्ञानरंजन जी ने अपने पिता रामनाथ सुमन और गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाई जी' के रिश्तों के बारे में बताने लगे। उनके संबंध प्रगाढ़ रहे। हनुमान प्रसाद पोद्दार और रामनाथ सुमन के बीच जो पत्राचार हुआ वह उनके पास सुरक्षित है। ऐसे कोई सौ के लगभग पत्र होंगे। उन्होंने बताया कि रामनाथ सुमन ने आजादी से पूर्व कल्याण में गांधी और स्वतंत्रता संग्राम पर कोई चालीस लेख लिखे जिसे भाई जी ने बिना संपादन के प्रकाशित किया । कल्याण लेखकों को पारिश्रमिक नहीं देता था लेकिन सुमन जी को उन्होंने इन लेखों का बाकायदा पारिश्रमिक दिया । जब ज्ञानरंजन की माता जी यक्ष्मा से पीड़ित हुईं तो हनुमान प्रसाद पोद्दार ने उनकी वित्तीय सहायता भी की। रामनाथ सुमन जी एक तरह से कल्याण के सलाहकार की भूमिका में थे। उनकी बात सुनी जाती थी। हिंदी के बहुत से प्रमुख साहित्यकार सुमन जी की प्रेरणा से कल्याण से जुड़े और कल्याण के लिए लिखा। सुमन जी ने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी तमाम किताबें गीता प्रेस को भेंट कर दी थीं। ज्ञानरंजन जी ने बताया कि वे सभी किताबें अभी भी गीता प्रेस के कार्यालय में सुरक्षित हैं। प्रेमचंद ने भी कल्याण के लिए लिखा और कुछ साहित्यकारों और चित्रकारों की नौकरी के लिए भाई जी से सिफारिश भी की। सुमन जी से पोद्दारजी का मृत्यु पर्यंत संबंध बना रहा । गीता प्रेस की रविंद्रनाथ टैगोर ने प्रशंसा करते हुए कहा कि बिना सांप्रदायिकता के अपने धर्म का ऐसा प्रचार श्लाघनीय है । रामनाथ सुमन गांधीवादी थे। युवा ज्ञानरंजन का इस बात पर अपने पिता से मतभेद भी रहा । जैसा ज्ञान जी ने बताया।

मैंने उन्हें (ज्ञानरंजन जी) बताया कि कुछ समय के लिए मेरे चित्रकार पिता ने भी 'भाई जी' के कहने से गीता प्रेस के लिए काम किया। मेरे पिता और हनुमान प्रसाद पोद्दार राजस्थान के रतनगढ़ कस्बे के रहने वाले थे लेकिन उस समय मेरे पिता कलकत्ता (अब कोलकाता) में कमर्शियल चित्रकार का काम करते थे और बड़ा बाजार की कलाकार स्ट्रीट पर रहते थे। भाई जी ने उन्हें बुलाया था और गीता प्रेस के लिए कुछ काम करने के लिए कहा था।

## विचार

# 2024 के लिए अमेरिका मिस्त्र स्टेट विजिट गेम चेंजर साबित होगी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत के अमेरिका और मिस्त्र स्टेट विजिट की रणनीतिक सफलताओं की गाथाएं लिखना,गाना शुरू हो गया है। हर हिंदुस्तानी अब वैश्विक लीडर बनने पर गर्व कर रहा है। जिस तरह अमेरिका ने जबरदस्त मेजबानी दी और मिस्त्र ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान आर्डर ऑफ नाइस बड़ी शिद्दत के साथ दिया तो अब हम वैश्विक लीडर की गिनती में आ चुके हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। मेरा मानना है कि एक दूरदर्शी,केवलसफलता पर लक्ष, लक्ष्य भेदी रणनीति, परफेक्ट कांफिडेंट और ज्ञानी सोच विचारधारा ही चल सकती है, जिसका उदाहरण हमने अमेरिका मिस्त्र स्टेट विजिट में देख लिया। उधर 2024 का रण मुंह खोले खड़ा है, तो इधर विपक्षी महा गठजोड़ की खूंटी गड़ चुकी है। परंतु मेरा मानना है कि यह अंदर की बात है या हो सकती है, रण 2024 में इन दूरगामी बाधाओं का पूवार्नुमान कर अमेरिका और मिस्त्र यात्रा का चुना जाना या संयोग भी होसकता है। परंतु जैसी वर्तमान में स्थिति उत्पन्न हुई है उससे तो मुझे यही लगता है 2024 रण की दौड़- विपक्षी महा गठजोड़-अमेरिका मिस्त्र यात्रा से आएगा अपेक्षा से अधिक मोड़! क्योंकि एक तीर से दो निशान लगे हैं, वैश्विक लीडर की उपलब्धि और एक समुदाय विशेष से जुड़ने का अवसर! क्योंकि एक समुदाय बाहुल्य मुल्क में ऐतिहासिक अल हकीम मस्जिद का दौरा, हेलियोपोलिस कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलिको मुद्दाबनाकर आज 25 जून 20233 को विपक्षी दलों ने 2024 का चुनावी स्टंट करार दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि 2024 चुनावी रण के लिए अमेरिका मिस्त्र स्टेट विजिट गेमचेंजर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के 24-25 जून 2023 मिस्त्र दौरे की करें तो मिस्त्र का सबसे बड़ा सम्मान आर्डर ऑफ नाइन दिया गया है। अमेरिका में अपनी सहजता और सरलता की छाप छोड़ने के बाद पीएम ने मिस्त्र दौरे पर राजधानी काहिरा पहुंचे और वहां ऐतिहासिक अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया। यहां पीएम ने हेलियोपोलिस कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उधर काहिरा पहुंचने पर दाऊदी बोहरा समुदाय के लोगों ने हाथ में तिरंगा लहराते हुए पीएम का जोरदार स्वागत किया। इन सब के बीच देश में राजनीति भी चरम पर है। जानकारों की मानें तो पीएम का दाऊदी बोहराओं के साथ काफी पुराना रिश्ता रहा है। इस बात का पता इससे चलता है जब पीएम गुजरात के सीएम हुआ करते थे। बात साल 2011 की है, पीएम जब गुजरात के सीएम थे तो उन्होंने दाऊदी बोहरा समुदाय के धार्मिक प्रमुखसैयदना बुरहानुद्दीन का 100 वां जन्मदिन मनाने के लिए समुदाय को आमंत्रित किया था। बता दें कि पीएम ने अल-हकीम मस्जिद में लगभग आधा घंटा बिताया,जहां पीएम ने काहिरा में हेलियोपोलिस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। पीएम की मिस्त्र की राजकीय यात्रा भारत और मिस्त्र के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण बताई जा रही है।पीएम के इस दौरे को कई मायनों में बेहद खास बताया जा रहा है।अल-हकीम मस्जिद में पीएम मोदी के दौरे को भी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। करीब 26 साल बाद भारत के पीएम मिस्त्र दौरे से होकर आ गए हैं। इससे पहले साल 1997 में भारत के पीएम मिस्त्र दौरे पर गए थे। आज देर शाम भारत के पीएम दिल्ली के लिए मिस्त्र से रवाना हुए। बता दें कि पीएम ने मिस्त्र को जी 20 सम्मिट में शामिल होने का आमंत्रण दे दिया है। विपक्षी दलों ने इसे 2024 के चुनावी स्टंट का एक रूप बताया तो एक बड़ी विपक्षी पार्टी ने पीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर समुदाय की इतनी ही चिंता थी तो यही काम देश में करना था। इसकी शुरूआत गुजरात से ही करते या फिर उत्तर प्रदेश में कर लेते। वहीं सत्ताधारी पार्टी ने पलटवार करते हुए कहा कि पीएम की देश में सरकार आनेके बादअल्पसंख्यकों के जीवनस्तर में जो परिवर्तन आया, किसी भी सरकार में नहीं हो पाया था। इसके अलग यह यात्रा एक पारस्परिक संकेत है और दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रूस में भाड़े के सैनिकों की बगावत

**संजीव**

**प्रिगोझिन ने** अपने 25 हजार सैनिकों के साथ बगावत का बिगुल फूंक दिया था। यह विदित है कि प्रिगोझिन पूर्व में 12 साल की जेल की सजा काट चुके हैं और बाद में सेंटपीटरबर्ग में रेस्टोरेंट की एक श्रृंखला खोली थी ,जहां उस समय उसकी तत्कालीन डिप्टी मेयर पुतिन से मुलाकात हुई और उनकी काफी नजदीकियां को विस्तार मिला था उसके उपरांत पुतिन रूस के राष्ट्रपति बने तो उसको रूस के हेड क्वार्टर क्रेमलिन का कैटरर बना दिया गया तबसे प्रिगोझिन सैफ के नाम से प्रशिद्ध हो गए फल स्वरूप वेगनर समूह के भाड़े के सैनिकों का कद काफी बढ़ा हुआ था। रूस यूक्रेन युद्ध के समय वेगनर समूह के भाड़े सैनिकों की मदद पुतिन ने लेकर यूक्रेन के खिलाफ उन्हें मैदान में उतार दिया था।प्रिगोझिन की सेना ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के अलावा कई देशों की लड़ाइयां लड़ चुके हैं। अब वर्तमान में वैगनर समूह के भाड़े के सैनिकों ने इनके नेतृत्व में सीधे पुतिन को चुनौती दी है। हालांकि वैगनआर ग्रुप के पास केवल 25 से 30, हजार सैनिक ही है जिसके दम पर ही पुतिन की सेना को वैगनर ग्रुप चुनौती दे डाली। पुतिन के कठोर रुख के कारण वैगनर ग्रुप में बिना किसी खून खराबे के बेलारूस के राष्ट्रपति के कहने पर समझौता भी कर लिया है और बेलारूस में आत्मसमर्पण भी कर दिया है पर यह तो शुरूआत है आगे आगे देखिए होता है क्या क्योंकि वैगनर ग्रुप के प्रमुख के अनुसार रूस के रक्षा मंत्री सर शरगई सोइकि और सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख वालेरी गेरासिमोव के मंसूबों के कारण यूक्रेन युद्ध हुआ है जो रूस के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है।प्रिगोझिन ने अपनी इस बगावत को न्याय के अभियान बताया है और कहां कि रूसी सेना यूक्रेन युद्ध में वैगनर ग्रुप को हथियार की मदद नहीं कर रही थी और रूस की एक टुकड़ी ने उनके एक कैंप में हमला भी किया था।

समाचार न्यूज एजेंसी अल जजीरा के अनुसार वैगनआर ग्रुप के भाड़े के सैनिकों ने पुतिन की सत्ता को चुनौती दे डाली थी। और विद्रोही मास्को से 450 किलोमीटर दूरी तक पहुंच चुके थे। वर्तमान में इस समूह का दक्षिण रूस के शहर के सेना के मुख्यालय में कब्जा कर लिया है।

## प्राणीविज्ञानी कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**एक** प्राणीविज्ञानी पशु जीवन की संरचना और कार्यों, रूप और वितरण के व्यवस्थित और वैज्ञानिक अध्ययन में विशेषज्ञ होता है। ये पेशेवर मूल रूप से जानवरों की संरचना, व्यवहार, उत्पत्ति, जीवन प्रक्रियाओं, स्थितियों और बीमारियों के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मनुष्य के जीवन में पशु साम्राज्य की आवश्यकता और महत्व के बारे में मनुष्यों के बीच जागरूकता के कारण, पिछले कुछ वर्षों में प्राणीविज्ञानी को एक कैरियर के रूप में अधिक महत्व प्राप्त हुआ है। इस प्रकार एक प्राणीविज्ञानी के रूप में करियर उन उम्मीदवारों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जिनकी सभी प्रकार के वन्यजीवों के साथ-साथ घरेलू जानवरों में भी वास्तविक रुचि है। व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से या एक टीम के हिस्से के रूप में प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम होना चाहिए। अच्छा संचार, आत्म-अनुशासन, धैर्य और अच्छी शारीरिक सहनशक्ति कुछ अन्य गुण हैं, जिन्हें प्राणीविज्ञानी बनने की राह पर होना चाहिए। उन्हें आपातकालीन या खतरनाक स्थितियों में भी तुरंत सोचने में सक्षम होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि कुछ बुनियादी गुण और उचित योग्यता एक अभ्यर्थी को एक उत्कृष्ट प्राणीविज्ञानी बना सकते हैं। प्राणीशास्त्री पात्रता जूलॉजिस्ट कोर्स बनने के लिए पात्र बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान के साथ 12वीं कक्षा है।

प्राणीशास्त्री के लिए आवश्यक कौशल प्राणीविज्ञानी जानवरों और पर्यावरण में रुचि रखते हैं; विज्ञान, विशेष रूप से जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के लिए योग्यता; विस्तृत कार्य को सटीक और व्यवस्थित ढंग से करने की क्षमता। उनके पास अनुसंधान की योजना बनाने, डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करने और रिपोर्ट लिखने की क्षमता भी है; व्यावहारिक कौशल और समस्या-समाधान कौशल। उनमें धैर्य, दृढ़ता और लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता होनी चाहिए; बहु-विषयक टीम के हिस्से के रूप में काम करने की क्षमता; मजबूत संचार. उन्हें नई दवाओं का विकास और परीक्षण करने में भी सक्षम होना चाहिए; कृषि फसलों और पशुधन में सुधार; रोग और कीट नियंत्रण; लुप्तप्राय आवासों और प्रजातियों का संरक्षण; पशु कल्याण और शिक्षा।

# राजधानी में लोगों को लगेगा 'महंगाई का करंट'

## 10 फीसदी तक बढ़ सकते हैं बिजली के दाम, डीईआरसी ने दी पावर परचेज एडजस्टमेंट कास्ट बढ़ाने की अनुमति

**महंगाई की मार**

**डीईआरसी ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट 9.46 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दे दी है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने एक बड़ा फैसला लिया है जिससे दिल्लीवालों को तगड़ा झटका लगा है। डीईआरसी ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट 9.46 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दे दी है। इस अनुमति के साथ ही अब दिल्लीवालों को बढ़ा हुआ बिजली का बिल देना पड़ेगा। अब जो भी बिल आएगा वह लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़कर आएगा।

**'बढ़ते दाम के लिए केंद्र जिम्मेदार, जीरो बिल वालों का बिल अब भी रहेगा जीरो':** दिल्ली में लिबासपुर स्कूल के उद्घाटन से पहले मीडिया से बात करते हुए शिक्षा एवं बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली दरों में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों का बिल जीरो आता था, उनका बिल अब भी जीरो ही आएगा।

**'सरचार्ज बढ़े या घटे, जिनका बिल जीरो आता है वह आता रहेगा...':** दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट 9.46 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दे दी है, जिसके बाद से विपक्षी दलों ने आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला करना शुरू कर दिया है।

इस सबके बीच आप नेता ऊर्जा मंत्री आतिशी ने सरकारी की ओर से सफाई दी है और कहा है कि बिजली के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- बिजली के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पीपीएसी दस वर्ष के लिए निर्धारित होती है। प्रत्येक बिजली विनियामक आयोग कुछ माह बाद इसकी समीक्षा कर बिजली वितरण कंपनियों को अधिभार घटाने या बढ़ाने की अनुमति देता है। तीन माह के लिए अधिभार बढ़ भी सकता है और घट भी सकता है।

### कोयला हुआ महंगा: आतिशी

**केंद्र** सरकार के कुप्रबंधन के कारण कोयला महंगा हो गया है। देश में पहली बार कोयले की कृत्रिम कमी हो गई है। इस कारण कोयले का दाम बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने यह संयंत्रों के लिए कुल खपत का 10 प्रतिशत आयातित कोयला खरीदने को अनिवार्य कर दिया है। आयातित कोयला देश में मिलने वाले कोयले से 10 गुना महंगा होता है। दो हजार प्रति टन मिलता है। आयातित 25 हजार प्रति टन है। कोयला आयातित करने वालों के साथ केंद्र सरकार की मिलीभगत है। भारत में कोयले की कोई कमी नहीं है।



जानबूझकर कोयला आयात करने वालो लाभ पहुंचाने के लिए कम उत्पादन किया जा रहा है।

### 200 यूनिटी तक कोई असर

**बिना** सब्सिडी वाले उपभोक्ताओं के प्रति यूनिट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बिल पर आठ प्रतिशत का अधिभार बढ़ेगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नगर निगम दल के नेता एवं उप-नेता की नियुक्ति के बाद सिविक सेंटर में भाजपा निगम दल की पहली बैठक को सम्बोधित किया एवं निगम दल नेता पद पर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं उप-नेता पद पर जय भगवान की नियुक्ति पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## तेज रफ्तार ऑटो अर्टिगा कार में भिड़ा, चालक गंभीर रूप से घायल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के सामने देर रात को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है, जहां ऑटोचालक ने एक अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मारी है। इस भीषण हादसे के बाद ऑटोवाला गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के मुताबिक, घायल को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया है। इस हादसे के बाद अर्टिगा चालक ने आरोप लगाया है कि ऑटोवाला नशे में धुत था।

## सीएम ने लिबासपुर में किया सर्वोदय स्कूल का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लिबासपुर गांव में एक सर्वोदय को-एड स्कूल का उद्घाटन किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आप खुश हैं। फिर कहा कि आप खुश तो मैं खुश, आपकी खुशी देखकर मेरा एक किलो खून बढ़ गया है। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि, दिल्ली के सरकारी स्कूलों की काया पलट गई है। पहले जहां सरकारी स्कूल टेंट में चला करते थे आज कर इतने शानदार स्कूल बन गए हैं।

**वो रोकते रहे हम काम करते रहे:** उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, वो दिल्ली को रोकते रहे और हम दिल्ली के लोगों के लिए काम करते रहे। केजरीवाल ने ये भी कहा कि पहले सिर्फ गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे लेकिन आज सभी वर्ग के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। सीएम यह भी बोले कि मैं पूरे देश के स्कूलों को चैलेंज कर सकता हूं कि कहीं भी दिल्ली जैसे शानदार सरकारी स्कूल नहीं हैं।

**खुशी**

**दिल्ली के सरकारी स्कूलों की काया पलट गई है, पहले टेंट में चलते थे स्कूल: सीएम अरविंद केजरीवाल**

**केंद्र सरकार है बढ़ते बिजली के दाम के लिए जिम्मेदार:** इसी मौके पर जब आतिशी से दिल्ली में बिजली के बढ़ते दाम के बारे में पूछा गया तो शिक्षा एवं बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली दरों में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों का बिल जीरो आता था, उनका बिल अब भी जीरो ही आएगा।

## गोल्डी बरार और लॉरेंस के नाम पर कारोबारी से मांगी फिरौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पश्चिम विहार इलाके में रहने वाले एक कारोबारी से गैंगस्टर गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई के नाम 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। अब पीड़ित ने बारे में पुलिस को सूचना देते हुए आरोपितों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है

**पुलिस ने शुरू की जांच**
पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, कारोबारी से गैंगस्टार गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। यह घटना 16 जून की है। आरोपितों के

# आज दिल्ली को मिलेंगे 140 नए चार्जिंग प्वाइंट

**सफिंटग बंद**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इलेक्ट्रिक** वाहन चालकों के लिए यह खबर काम की है। दिल्ली को मंगलवार यानी 27 जून को 140 और नए चार्जिंग प्वाइंट मिलने जा रहे हैं, इसी दिन से 48 बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं भी शुरू हो जाएंगी। दिल्ली में भारत का 4500 सार्वजनिक चार्जिंग प्वाइंट का सबसे बड़ा नेटवर्क है। दिल्ली में सबसे सस्ती सार्वजनिक चार्जिंग केवल तीन रुपये प्रति यूनिट है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इनका शुभारंभ करेंगे। अपने ईवी को केवल तीन रुपये यूनिट पर



चार्ज कर सकेंगे। दिल्ली में 42 स्थानों पर भारत में सबसे कम चार्जिंग दाम वाले ये स्टेशन तैयार किए गए हैं। दिल्ली में अभी 62 बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं हैं।

**अगस्त 2020 लॉन्च हुई थी नीति:** दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सात अगस्त 2020 को दिल्ली ईवी नीति को लॉन्च की थी। सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद से जुड़े शुरूआती लागत के बोझ को कम करने के लिए पर्याप्त सब्सिडी दी है। इलेक्ट्रिक कारों के लिए 1.5 लाख रुपये, ई-रिक्शा के लिए 30,000 रुपये और दोपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपये प्रति केडब्ल्यूएच की सब्सिडी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, रोड टैक्स और पंजीकरण कर पर छूट प्रदान की गई है। अबतक 1.2 लाख ईवी के लिए 120 करोड़ की कुल टैक्स छूट दी गई है और अब तक सब्सिडी में 169 करोड़ रुपये से अधिक दिए गए हैं।

**दिल्ली में भारत का 4500 चार्जिंग प्वाइंट का सबसे बड़ा नेटवर्क है। चार्जिंग केवल तीन रुपये प्रति यूनिट है**

### दिल्ली में ईवी चलाना सबसे सस्ता

- दोपहिया वाहनों के लिए सात पैसे प्रति किमी
- तिपहिया वाहनों के लिए आठ पैसे किमी
- चार पहिया वाहनों के लिए 33 पैसे प्रति किमी
- दिल्ली में कहीं भी चार्जर लगाने के लिए सिंगल विंडो सुविधा है ।
- दिल्ली सरकार के अनुसार सिंगल विंडो के तहत लगाए गए चार्जर देश के सबसे सस्ते चार्जर सिंगल विंडो के तहत 2500 रुपये में उपलब्ध हैं।

# 25 मिनट तक तड़पती रही साक्षी, खुद को लगा करंट, बच्चों को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साक्षी** और उनके बच्चों के लिए इस बार चंडीगढ़ की यात्रा काफी रोमांचक और उत्साह जनक होने वाली थी, क्योंकि परिवार पहली बार वंदे भारत ट्रेन में सफर करने वाला था। बच्चों की जिद थी कि वे वंदे भारत ट्रेन से चंडीगढ़ जाएंगे। ऐसे में परिवारवालों ने वंदे भारत ट्रेन को चुना था, लेकिन उसका टिकट प्रतीक्षा सूची में था, ऐसे में चंडीगढ़ जाने की तैयारी शनिवार दोपहर तक पूरी नहीं की थी। बाद में चार्ट बनने पर टिकट कन्फर्म हो गया। तो सभी ने यात्रा की तैयारी की।

**पलभर में मातम में बदलीं खुशियां:** परिवार के सभी सदस्य यात्रा को लेकर खुश थे। लेकिन यह खुशियां एक पल में मातम में बदल गई। इस हादसे से साक्षी की बहन माधवी सदमे में है। अपनी बहन को बचाने के दौरान करंट का झटका लगने से वह भी घायल हो गई थीं। उसे इलाज के बाद छुट्टी मिल गई। स्वजन ने बताया कि साक्षी को पैर रखने पर करंट प्रवाहित होने का अहसास हुआ। उसने तुरंत अपनी पीछे चल रहे बच्चों और बहन को दूर होने का इशारा किया, लेकिन अपने को नहीं बचा पाई और दूसरा पैर भी पानी में चला गया।



### 25 मिनट तक तड़पती रही साक्षी

**रेलवे** अधिकारी भले ही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ें लेकिन साक्षी ने मरते दम तक अपना फर्ज निभाया। साक्षी को बचाने के दौरान माधवी भी करंट का झटका लगने से मामूली चोटिल हो गई। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

## यौन शोषण के मामले में पुलिस को समन जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में एक पेइंग गेस्ट (पीजी) हॉस्टल में लड़कियों के साथ यौन शोषण के मामले में कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस को समन जारी किया है। डीसीडब्ल्यू को दिल्ली के हडसन लेन स्थित एक पीजी हॉस्टल में लड़कियों के साथ यौन शोषण की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने डीसीडब्ल्यू को बताया कि 12 जून, 2023 की आधी रात के आसपास वह अपने पीजी हॉस्टल की बालकनी में अपनी दोस्तों के साथ खड़ी थी। उन्होंने बताया कि बालकनी से उन्होंने अपने हॉस्टल के सामने एक लड़के को देखा जो सीधे उन्हें घूर रहा था।

# दिल्ली में दिनदहाड़े गन पॉइंट पर 2 लाख लूट

## बाइक सवार 4 बदमाशों ने डिलीवरी एजेंट की कैब रोकी, कैश भरा बैग छीना

**धरपकड़ जारी**

**घटना 24 जून दोपहर 3 बजे के आसपास की है। इसका वीडियो भी सामने आया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** प्रगति मैदान टनल में बाइक सवार चार बदमाशों ने एक डिलीवरी एजेंट की कैब गन पॉइंट पर रोक कर 2 लाख रुपए लूट लिए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना 24 जून दोपहर 3 बजे के आसपास की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दो बाइक सवार 4 बदमाश एक कार का पीछा कर टनल में बीच सड़क उसे रोकते हैं। फिर एक बदमाश गन निकालकर कार के सामने खड़ा हो जाता है। बाकी के उसके तीन अन्य साथी कार के दोनों तरफ का गेट खोलते हैं और कैश भरा बैग लेकर फरार हो जाते हैं। सीसीटीवी फुटेज में घटना के दौरान टनल से कई कार और बाइक सवार गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं, हालांकि कोई भी रुकता नहीं है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़ित साजन कुमार पटेल चांदनी चौक स्थित ओमिया इंटरप्राइजेज में डिलीवरी एजेंट के रूप में काम करते हैं।



### टनल पर 16 सिक्योरिटी गार्ड तैनात थे

**पुलिस** ने बताया कि यह टनल लगभग 1.5 किलोमीटर लंबा है। 16 सिक्योरिटी गार्ड टनल की सुरक्षा करते हैं। यह टनल नई दिल्ली को सराय काले खां और नोएडा से जोड़ती है। घटना के वक्त टनल की एंट्री और एग्जिट पर दो सिक्योरिटी गार्ड तैनात थे।

### केजरीवाल ने एलजी से इस्तीफा मांगा

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस घटना को लेकर उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना से इस्तीफा मांगा है। केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा- एलजी को इस्तीफा देना चाहिए। किसी ऐसे व्यक्ति को उपराज्यपाल बनाया जाए जो दिल्ली के लोगों को सुरक्षा दे सके। केजरीवाल ने कहा- अगर केंद्र सरकार दिल्ली को सुरक्षित नहीं बना सकती तो हमें सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंप दें।

**लापरवाही** — दिल्ली की घटना से याद आए कई दर्दनाक हादसे

# कहीं खिड़की से आई मौत तो कहीं बैनर ने छीनी जिंदगी

**दुखद**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी नई दिल्ली में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बारिश के कारण करंट दौड़ने से एक महिला की मौत हो गई। इसे रेलवे विभाग की लापरवाही बताया जा रहा है। हमारे देश में ऐसी कई घटनाएं घटी हैं, जिसमें लापरवाही के कारण लोगों की मौत हो गई है।

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महिला की मौत:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 26 जून, 2023 को पानी में अचानक करंट दौड़ गया और उसकी चपेट में एक महिला आ गई। करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मृतक महिला पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार की रहने वाली थी। साक्षी अहूजा के रूप में उसकी पहचान हुई।




**लखनऊ में बिजली विभाग की लापरवाही से मासूम की मौत:** यूपी की राजधानी लखनऊ में 27 मई, 2022 को एक दर्दनाक हादसा हुआ। लखनऊ के कृष्णानगर बरिगवां इलाके में एक बिजली की तार के चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम की मौत हो गई थी। बताया गया कि करीब एक सप्ताह से तार टूटा था और बिजली विभाग उसे सही नहीं किया, जिस वजह से उसकी चपेट में आने से एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी।

**बिलासपुर में गड्ढे में गिरने से शख्स की मौत:** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 19 अप्रैल, 2023 को सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से एक अधेड़ उम्र की व्यक्ति की मौत हो गई थी। मंगला-लोखंडी के बीच एक सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था। रात के समय एक बाइक सवार इस गड्ढे में गिर पड़े, जिस वजह से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई थी।

**चेन्नई में लॉरी से गिरने से युवक की मौत:** चेन्नई में 11 जनवरी, 2023 को लापरवाही के कारण एक कॉलेज की छात्र की मौत हो गई थी। दरअसल, साउथ अभिनेता अजित कुमार की फिल्म देखने 19 वर्षीय युवक थियेटर पहुंचा था। युवक उत्साहित होकर एक लॉरी पर चढ़ गया। इसी दौरान वह लॉरी से गिर पड़ा, जिसमें उसकी मौत हो गई थी।

**चेन्नई में 11 जनवरी, 2023 को लापरवाही के कारण एक कॉलेज की छात्र की मौत हो गई थी**

# 'कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप' का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/लखनऊ**
**आपदा** में बचाव और राहत का कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (एसबीएफ) ने नए क्षेत्रों में संगठन के विस्तार को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों की एक दिवसीय 'कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित इस वर्कशॉप में एसबीएस संगठन के तीन जोन, जिसमें उप्र पूर्व, उप्र पश्चिम और उत्तराखंड के स्थानीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसबीएफ के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर इरफान अहमद ने संगठन की क्षमता के निर्माण के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि हम मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कई परियोजनाओं के साथ कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हम मानव जीवन के लिए समर्पण और दृढ़ता के साथ भारत के एक प्रमुख एनजीओ के रूप में तेजी से उभर रहे हैं और आपदा पीड़ितों की आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने में सदैव तत्पर रहते हैं, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि हम देश के हर क्षेत्र में पहुंचकर आपदा पीड़ित लोगों का सहारा बनें। इस एक दिवसीय कार्यशाला में एसबीएफ के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उपस्थित होकर अपने संगठनों द्वारा लोगों की सेवा के कार्यों को साझा किया।

मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता रीता जैन, सोशल कॉज ग्रुप से साक्षी चंद्रा और केयर इंडिया से अखिलेश ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में प्रयोगशाला के रूप में स्थानीय पदाधिकारी को आपदाओं से निपटने और बचाव को लेकर कुछ टास्क भी दिए गए।

**चर्चा हुई**

**हम मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कई परियोजनाओं के साथ कार्यरत हैं**

## न्यूज फ्लैश

### प्रो रामबिलास शर्मा के साले के निधन पर शोक जताने पहुंची विभिन्न हस्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा** के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के साले व हरियाणा बिजली बोर्ड के फोरमैन पद से सेवानिवृत्त प्रवीण भारद्वाज के निधन पर आज विभिन्न हस्तियों ने देवास पहुंच कर उनके निवास स्थान पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। प्रवीण भारद्वाज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जीवन व मरण ईश्वर के हाथों होता है। कुछ लोग इस जीवन में अच्छे कर्म करके अपनी अलग छाप छोड़ जाते हैं। स्वर्गीय भारद्वाज ऐसे ही नेक दिल के इंसान थे।
इस मौके पर अटेली के विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित मंत्री ओमप्रकाश यादव के पीआरओ राजेश यादव व अन्य गणमान्य लोग देवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### उपायुक्त ने सीएम विंडो समीक्षा बैठक में गैर हाजिर रहे अधिकारियों की काटी एक-एक दिन की सैलरी

**पानीपत: जिला सचिवालय** के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सोमवार को सीएम विंडो से संबंधित समीक्षा बैठक करते हुए उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का अधिकारी तत्काल निवारण करें तथा इन पर प्राथमिकता के आधार पर एक्शन लें। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को इससे संबंधित जरूरी दिशा निर्देश भी दिये। उपायुक्त ने बैठक में गैर हाजरी रहे अधिकारियों की एक दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि वे भविष्य में कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेंगे। जिन विभागों ने सीएम विंडो से संबंधित शिकायत अंडरटेक नहीं की हैं वे शिकायतें अंडरटेक करना सुनिश्चित करें। सीएम विंडो पर जो शिकायतें ज्यादा समय से लंबित हैं, उनका जवाब जल्द से जल्द देना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन डिजीटल प्लेटफार्म पर प्रभावी रुप से किया जा रहा है। ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का निवारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें। सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों में कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री शिकायत निवारण पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के संदर्भ में सही दस्तावेज ही पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। सभी अधिकारी सीएम विंडो के संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की रोजाना व्यक्तिगत तौर पर निगरानी रखें।
इस अवसर पर नगराधीश राजेश सोनी, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भैरिया,डीडीपीओ सुमित चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा के अलावा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

### केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली निकाली

**राई: ग्रुप केंद्र** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, में स्थित केंद्रीय विद्यालय में ग्रुप केंद्र के आवासीय परिसर में नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सुबह की प्रार्थना सभा में नशा न करने की प्रतिज्ञा ली और नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सभी विद्यार्थियों को हर प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए वीडियो दिखाकर जागरुक किया गया। विद्यालय के सभी स्टाफ ने कक्षाओं में जाकर भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

### 'मौका या धोखा', एक नई मर्डर-मिस्ट्री सीरीज। हंगामा की नवीनतम हिंदी ओरिजिनल सिरीज

**लुधियाना:** भारत के प्रमुख डिजिटल मनोरंजन मंच, हंगामा ने अपनी नवीनतम सस्पेंस-थ्रिलर 'मौका या धोखा' ये सीरिज लॉन्च की है। हिमांशु मल्होत्रा, आभास मेहता, समीक्षा भटनागर समेत इस सीरीज के लिए बेहतरीन कलाकारों की फौज एक साथ आई है। इन तीनों ने सचमुच इस श्रृंखला के पात्रों को जीवंत कर दिया है। इस शृंखला में यह उजागर करने का प्रयास किया गया है कि जीवन में चाह और इच्छाएं व्यक्ति को किस स्तर तक ले जाती हैं।
सीरीज 'मौका या धोखा' अमित नाम के एक किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। इस सीरिज मे अमित को एक आम आदमी के रूप में दिखाया गया है। लेकिन अमित के दिल के अरमान उसे एक भयानक मोड़ पर ले जाते हैं। अमित हत्या की साजिश में घसीटा जाता हैं। हत्या के रहस्य के पीछे की सच्चाई को उजागर करने की यात्रा में अमित को साथ मिलता है गूढ़ व्यक्तित्ववाली शालिनी का।
हत्या की इस साजिश में शालिनी का नाम भी घसीटा जाता है है। एक और व्यक्ति जो इन सभी हत्याओं के मामलों पर नजर रख रहा है, वह है सत्यजीत। कई लोगों को शक है कि इन सबके पीछे सत्यजीत का किरदार मास्टरमाइंड है। अमित के लिए इस भयानक खेल से छुटकारा पाना और इन तमाम साजिशों के पीछे की सच्चाई का पता लगाना बहुत जरूरी है।

# पानी भरने के कारणों का जायजा लिया

**प्री मॉनसून की पहली बरसात में जलमग्न हुए शहर के लोगों को हुई परेशानी को लेकर उपमंडल प्रशासन आया हरकत में**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शनिवार की** रात को प्री मानसून की पहली बरसात से शहर जलमग्न होने के बाद प्रशासन में नींद से जागा है। सोमवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक निर्मल नागर ने जन स्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पानी भरने के कारणों का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले ईदगाह रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के गंदे पानी को आगे डिस्पोज करने वाले डिस्पोजल का निरीक्षण किया जिसका बेहद ही बुरा हाल मिला। उपमंडल अधिकारी नागरिक ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि यदि भविष्य में शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा । बता दे कि रविवार को सुबह से शुरू हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली थी,शहर की कोई सड़क,गली मोहल्ला व सरकारी कार्यालय ऐसा नही था जहां पानी नही भरा हो। सबसे ज्यादा बुरा हाल शहर के रेलवे रोड पर देवीलाल चौक से जीटी रोड तक कई करीब दो फूट ऊचाई तक दिनभर जलभराव रहने के कारण पानी में वाहन रेंगते नजर आए थे।

**बिजली आपूर्ति बंद और जरनेटर खराब के कारण डिस्पोजल से अगवानपुर डिस्पोजल नही पहुंचा गंदा पानी:** एसडीएम निर्मल नागर की जांच में शहर में बरसात के कई घंटों बाद भी बरसात के पानी के जमाव के मामले में जांच की तो पाया कि शहर का गंदा व बरसात का ईदगाह रोड पर बने डिस्पोजल में जाता है। उसके बाद बड़ी मोटर उसे बड़े पाईप लाईन से प्रैशर द्वारा अगवानपुर रोड डिस्पोजल में पहुंचाया जाता है। लेकिन रविवार को बरसात के समय ईदगाह रोड पर बने डिस्पोजल की बिजली आपूर्ति बंद थी और करीब 19 लाख की लागत से मात्र दो माह पहले जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया जरनेटर भी खराब पड़ा मिला। जब डिस्पोजल की बिजली आपूर्ति ठीक हुई तो उसके बाद शहर से बरसात के पानी की निकासी हुई।

**जरेनटर खराब मामले में एसडीएम को जेई ने दी सफाई: एसडीएम** द्वारा जनस्वास्थय विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद जनस्वास्थय विभाग के जेई राजकुमार दहिया सफाई देते नजर आए। जेई ने कहा कि विभाग ने अब तक जरनेटर की कंपनी को पैमेंट नही की है। डिस्पोजल के साथ बारिश में पूरे शहर की लाईट खराब थी। पूरी जिम्मेदारी जरनेटर व बिजली आपूर्ति पर डालते नजर आए।

## नशे को रोकने के लिए समाज का योगदान बेहद जरूरीः डॉ. भारती



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ.विवेक भारती ने कहा कि नशा एक बुरी कुरिति हैं। नशें से दूर रहने बारे एवं नशें को रोकने के लिए समाज का योगदान बेहतर जरूरी हैं। समाज के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए इस बुरी कुरूति को जड़ से मिटाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सोमवार को पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने सम्बोधन में कहीं। डॉ. विवेक भारती ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 26 जून को पूरे विश्व मे अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाने का काम किया जाता हैं और आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नशे से दूर रहने बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं।

## चार गांवों में महिला ग्राम सभा तथा ग्राम उत्सव का आयोजन

### रस्साकशी सहित परंपरागत खेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। "हरियाणा** उदय" के तहत जिला प्रशासन की ओर से जिला के चार गांवों में एक साथ महिला ग्राम सभा तथा ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बुचोली व मांडोला में एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। गांव सतनाली व डिगरोता में सतनाली बीडीपीओ सुरजीत सिंह मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत आयोजित किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में सामाजिकता बढ़ाना है। ग्रामीण एक साथ मिलकर खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लें इसके लिए जिला में इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। इस दौरान नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है तथा स्वास्थ्य कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं। सभी नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य के लिए ग्रामीणों की जनभागीदारी जरूरी है। ग्रामीण मिलकर सामूहिक कार्यों में हिस्सा लें तथा अपने गांव के जोहड़ों तथा गलियों की साफ सफाई रखें। गांव के प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने गांव को साफ सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।

## 29 जून को मनाई जाएगी भामाशाह जयंती

**सोनीपतः जिला** व्यापार मंडल सोनीपत,अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, वैश्य महासम्मेलन व होलसेल ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा दानवीर सेठ भामाशाह जयंती 29 जून को सुबह 10.30 बजे अग्रसेन भवन परिसर गुड़ मंडी सोनीपत मे व्यापारी दिवस के रूप में मनाए जाने का निश्चय किया है,जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि व्यापारी सदैव से सेठ और भामाशाह के रूप में जाना जाता रहा है तथा उसी रूप में वह अपनी भूमिका अदा करते हुए सदैव राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए तत्पर रहा है तथा देश प्रदेश के राजस्व में वृद्धि के लिए अपने योगदान के साथ देश की वितरण व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था के लिए भी समर्पित भाव से कार्य करता रहा है।

## कमल दीवान व ललित दीवान ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का लोकार्पण किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**दिवंगत विधायक** देवराज दीवान के सुपुत्र व प्रसिद्ध समाजसेवी कमल दीवान व ललित दीवान ने शहर के भगवान विश्वकर्मा चौक पर सोमवार को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का लोकार्पण किया। उन्होंने अपने कोष से करीब तीन लाख रुपये के लगाए गए ग्रेनाइट पत्थर का भी रिबन काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित दीवान ने सभी उपस्थित जनों को भगवान विश्वकर्मा के दिखाए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।
उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार



माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रधान राजसिंह जांगड़ा ने की। उन्होंने इस सहयोग के लिए दीवान चैरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद किया। इस मौके पर वरिष्ट कांग्रेसी नेता सुरेश भारद्वाज, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम ,हरियाणा प्रभारी फूलकुवांर , सुशील फौजी, गंगा राम पांचाल , रामकरण जांगड़ा, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश दररा,सुधीर दहिया,बिल्लु आदि मौजूद रहे।

## भगत सिंह स्मारक में सीपीआई की हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक

**साम्प्रदायिक एकता को मजबूत करने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी: दरियाव सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जन विरोधी नीतियों** के खिलाफ और साम्प्रदायिक एकता को मजबूत करने के लिए आज भाजपा को सत्ता से हटाना समय की मांग है। इसके लिए पटना में 23 जून को हुई विपक्षी पार्टियों की मीटिंग एक सकारात्मक पहल है। ये विचार सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने सोमवार को भगत सिंह स्मारक में आयोजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मीटिंग की अध्यक्षता पवन कुमार सैनी ने की और राज्य कार्यकारिणी के सदस्य




राम रतन एडवोकेट ने पार्टी गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि केंद्र में सत्तारुढ भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र, संविधान, सार्वजनिक क्षेत्र सहित देश की अनेक धरोहरों को तहस नहस कर रही है। कामरेड कश्यप ने कहा कि सीपीआई की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी पटना में हुई विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में हुए विचार विमर्श का समर्थन करती है। बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया कि हरियाणा सरकार की भावांतर योजना खुले तौर पर व्यापारियों को फायदा पहुंचाने वाली योजना है। सरकार को इस योजना को बंद करके किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना चाहिए। हरियाणा सरकार कह रही है कि जिन किसानों ने अपनी फसल का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नही किया, उसकी फसल नही खरीदी जायेगी। सीपीआई हरियाणा सरकार से पोर्टल सिस्टम बंद करने और राज्य के किसानों की पूरी फसल खरीदने की मांग करती है। बैठक में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व फैडरेशनों द्वारा आयोजित 9-10 अगस्त के देशव्यापी महापडाव का समर्थन किया गया। बैठक में सत्येन्द्र गिरि, रुप सिंह ,राम रतन एडवोकेट, आरएन सिंह, सुखदेव सिंह जम्मू, जगरुप सिंह, एमएल सहगल, पवन कुमार सैनी, प्रेम सिंह, एमसी बासिया, नरेश कुमार, करनैल सिंह ,महेंद्र सिंह तंवर व गुरभजन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सोनीपत अर्बन को ऑपरेटिव बैंक का हुआ चुनाव



**सोनीपतः सोनीपत अर्बन** को ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन और वाईस चेयरमैन का चुनाव आज दोपहर 12 बजे चुनाव अधिकारी डिप्टी रजिस्ट्रार एच सी एस रोहित गुप्ता की देख रेख मे सम्पन्न हुआ जिसमें एडवोकेट एस के जैन और पूर्व चेयरमैन कैलाश कुच्छल के बीच मुकाबला हुआ मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा ने एस के जैन का नाम प्रस्तावित किया और एन के जैन, ललित जैन,अमित वर्मा, संध्या कुच्छल ने समर्थन दिया इस तरह से 11 मे से 6 वोट से एस के जैन विजयी घोषित किये गए उसके बाद वाईस चेयरमैन के पद के लिए संध्या कुच्छल व अनुराग जैन मे 6 वोट से संध्या कुच्छल को विजयी घोषित किया गया, विदित हैं कि संस्था का चुनाव 21 मई को हुआ था जिसमें सभी 11 निदेशक चुनकर आये थे, संजय वर्मा ने बताया की बैंक के इतिहास मे पहली बार इतने बड़े स्तर पर चुनाव हुए और 20-25 वर्ष से काबिज ग्रुप को हराया, इस अवसर पर जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला,एडवोकेट अरविन्द मित्तल, दिनेश कुच्छल, दीपक सिंगला, सुरेश गर्ग, रामकरण गर्ग, रामनिवास सिंगला,सब्जी मंडी प्रधान ललित खत्री, एडवोकेट अजय गर्ग, मनीष जैन, पार्षद अतुल जैन आदि ने चुने हुए पदाधिकारियों व ग्रुप को बधाई दी, पुरे ग्रुप ने बैंक की तरक्की के लिए मिलकर काम करने की शपथ ली।

## बेसहारा महिला को अपना घर आश्रम पहुंचाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
128 वी बेसहारा महिला को भेजा बूढ़पुर अपना घर आश्रम। समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर द्वारा चलाइ जा रही बे सहारा महिला को ढूंढने की मुहिम को आज फिर एक बेसहारा महिला गांव जखोली में मिली। जिसे एडवोकेट आशीष वत्स ने देखा गया वह उसके उपरांत उन्होंने सब इंस्पेक्टर जगत सिंह को सूचित किया। जिसके बाद सब इंस्पेक्टर जगत सिंह की 112 पर ड्यूटी होने के कारण जगत सिंह ने समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार को बताया कि एक महिला मंदबुद्धि मिली है जिसकी फोटो वीडियो मंगा कर बूढ़पुर आश्रम भेजी गई। जिसके उपरांत बूढ़पुर आश्रम से गाड़ी आई जिसको रेस्क्यू करने के लिए यश डॉक्टर आनंद भी मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर फोन किया गया।

## महीपाल सुबेदार ने चलाया जन संपर्क अभियान

**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में कार्यकताओं ने लोगों को दी पार्टी की नीतियों की जानकारीः महीपाल सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कांग्रेस के** 41 दिन तक चलने वाला अभियान आओ चले गांव की ओर व कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत महीपाल सुबेदार ने सोमवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव ब्राह्मण माजरा व गांव ददलाना में जन संपर्क अभियान चलाया गया। गांव में पहुंचने पर कांग्रेस नेता महीपाल सुबेदार का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। महीपाल सूबेदार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हाथ से



हाथ जोड़ों कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा है। इसको सफल बनाने के लिए हरियाणा प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत के बल पर लगातार लोगों के बीच में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। जबकि भाजपा ने लोगों के बीच जो नफरत का बीज बोया गया, उसको मोहब्बत, प्यार व अमन-चैन में बदलने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। इस अवसर पर जय भगवान जागलान, रणबीर नंबरदार, अंग्रेज , शमशेर बाल्मीकि ,विशंभर गुर्जर , ओम प्रकाश रमणा, जीत सूबेदार प्रजापत, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चंद्र श्याम शर्मा , सुधीर शर्मा, बालकिशन बाल्मीकि व राजेंद्र पूर्व मेंबर पंचायत आदि मौजूद रहे।

## बिजली कर्मचारियों ने अधिकारियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला छावनी** के इंड्रस्टियल एयिरा के सब डिविजन कार्यालय में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले किए गए इस प्रदर्शन में अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया और कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज न करने और कर्मचारियों को प्रताडित करने व उच्च अधिकारियों के ढीले रवये के कारण एसडीओ ऑपरेशन इंड्रस्टी एरिया के कर्मचारी को बिना कोई कारण बताए रिपोर्ट करने के विरोध स्वरूप सभी यूथ के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया है।



गेट मीटिंग करते हुए उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन द्वारा बिना किसी कारण के मानसिक परेशानी दी जा रही है। जे ई इंडस्टी एरिया ने मौके का मुआयना किया था।
पुलिस थाने में ड्राइवर व मालिक के खिलाफ शिकायत दी थी लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। उन्होंने बताया कि हाल ही में दुखेड़ी गौदाम में करंट लगने से ट्रक चालक की मौत हो गई थी जिसपर बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई जबकि उससे चंद दिन पहले ही वहां पर एक बिजली के खंबे को टक्कर मार एक चालक ने तौड़ दिया था जिसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते बिजली की तारें झुक गई थी और ट्रक चालक बिजली की तारों की चपेट में आ गया था।
उपभोक्ता की हमारे बाद आई शिकायत पर कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस प्रशासन के द्वारा बिजली कर्मचारियों को दफतर में आकर बार-बार परेशान किया जा रहा है। जिस पर कर्मचारी निगम के उच्च अधिकारियों को कार्यवाही के लिए कह चुके हैं लेकिन अधिकरियों ने हमारी नहीं सुनी।
उन्होंने कहा कि यदि समय रहते न्याय न मिला तो प्रदर्शन ओर तेज होगा। आज यूनिट में उपप्रधान मुकेश ने की और मुख्य रूप से सभी प्रधान नवीन कुमार, सचिव सुभाष चंद ऋषि सुभाष गौतम फॉर मैन, कुलदीप फॉर मैन और भारी संख्या में कर्मचारियों मौजूद रहें।

## किसान नेताओं ने भी रेहड़ी-फड़ी वालों को दिया समर्थन

**8 रेहड़ी फड़ी एसोसिएशन के साथ जुड़कर धरने पर बैठे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला शहर** के बस स्टैंड पर रेहड़ी फड़ी लगाने को लेकर चल रहे मामले में कपड़ा मार्केट एसोसिएशन द्वारा लगवाए गए बोर्ड का विरोध करते हुए गत दिवस भी रेहड़ी फड़ी संचालको का धरना जारी रहा। इसी दौरान किसान नेताओं ने भी रेहड़ी फड़ी



एसोसिएशन के साथ जुड़कर धरने पर बैठे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
भारतीय किसान यूनियन शहिद भगत सिंह की ओर से किसान नेताओं ने कहा कि रेहड़ी फड़ी संचालक छोटा मोटा काम करके अपना गुजारा चलाते है। लेकिन बड़ें व्यापारी नहीं चाहते है कि इनका जीवन स्तर ऊपर उठे। उन्होनें कहा कि सरकार इन लोगो के प्रति कोई भी दया भावना नहीं रखती। उन्होनें कहा कि सरकार इनको स्वास्थ्य, शिक्षा या रोजगार न दें लेकिन कम से कम इन्हे अपने काम तो करने दें।

# नरेला में योग एवं महिला आत्मरक्षा शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली नरेला** के स्मृति वन में 15 जून से 26 जून तक चले दिल्ली महिला आयोग के तहत चाइल्ड सरवाइवल ऑफ इंडिया तथा महिला पंचायत द्वारा दिल्ली पुलिस के सहयोग से योग प्रशिक्षण एवं महिला आत्मरक्षा से संबंधित 10 दिवसीय शिविर का समापन हुआ।
इसमें प्रात 9 बजे से साढे दस बजे तक इस इलाके की सैकड़ों महिलाओं एवं बच्चियों को महिला सुरक्षा के 25 गुर एवं योगासन सिखाए गए। ताकि उनमें असामाजिक तत्वों से अपनी सुरक्षा का आत्मविश्वास पैदा हो एवं विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाने के लिए कई तरह के योगासन करना सिखाया गया। विभिन्न योगासनों का शरीर में महत्त्व समझाया गया। इस अवसर पर इस प्रोजेक्ट के इन्चार्ज नरेंद्र बहतोरा एवं सुनीता दहिया ने बताया की आज सारे देशों की जनता खान-पान में बदलाव के कारण अनेकों जानलेवा घातक बीमारियों से जूझ रही हैं। उनकों दवाओं के अलावा प्राकृतिक चिकित्सा के बतौर योग की बेहद जरूरत है। योग में शुगर, ब्लड प्रेशर, हाईपरटेंसन, पोलियो, अस्थमा, हार्ट अटैक के अलावा काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। इसलिए हमें अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इनकी टीम में सीमा, प्रेमा, सामंत, तब्स्सुम, पूनम तथा दिल्ली पुलिस की ओर से मनीषा एवं प्रिया का भरपूर सहयोग मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कलमकार राजव्रत ने इस इलाके में आयोजित इस महिला सुरक्षा एवं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा की जैसे हम समाज में सरेआम बीच सड़क पर महिलाओं पर चाकू कहीं कैंची से कत्ल होते देखते रह कर वीडियो बनाने में लग जाते है। यदि समाज में इस तरह की ट्रेनिंग हो तो इन वारदातों को रोका जा सकता है।
दिल्ली महिला आयोग की महिला पंचायत की पूरी टीम का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए हौसला अफजाई की। सामाजिक कार्यकर्ता सत्य प्रकाश खत्री ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की। अंत में नरेंद्र बहतोरा ने प्रतिभागी महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र वितरण कर सभी में आत्मनिर्भरता का विश्वास जगाते हुए कार्यक्रम का समापन किया।






# शकूरपुर में श्री कृष्णा ग्राफिक का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के शकूरपुर इलाके में श्री कृष्णा ग्राफिक का उद्घाटन किया गया। श्री कृष्णा ग्राफिक के मालिक रमेश जोनवाल ने श्री कृष्णा ग्राफिक के उद्घाटन के अवसर पर आये हुए लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं केशव पुरम जिला के पूर्व अध्यक्ष रोशन कंसल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, दिल्ली प्रदेश एससी मोर्चा के अध्यक्ष भूपेंद्र गोठवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश मंत्री संजीव शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहनलाल गौड़, केशवपुरम जिला महामंत्री मनजीत सिंह, निगम पार्षदा मीनू गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, संतोष ठाकुर, सरिता, पवन गौड़, सतीश छाबड़ा, राजेन्द्र धवन गौतम बंसीवाल, महेश अवाना, रविन्द्र बेनीवाल, संजय शर्मा, पूर्व प्रत्याशी अनूप पवार, जयपाल भड़ाना, दिनेश गुप्ता, हुकुम सिंह वाल्मीकि, किशन पाल केन, मोहम्मद बिलाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा, बंसी लाल, सुन्दर बसोया पूर्व प्रत्याशी, कमल सागर, राजकुमार वर्मा, सोनम चड्डा, राजकुमार नावरिया, लीला राम सैनी, शालीमार बाग से पूर्व प्रत्याशी सुरभि जाजू, अमित जाजू, संतोष प्रसाद, मनोज शाह, वितेन्द यादव, अनिता गौड़, योगेश कुमार, नितिन बसवाल, निसार खान सतीश, नीरज दीक्षित, निहाल, पवन सैन, विशाल मलिक, मास्टर किशन, रविंद्र कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







वजीरपुर क्षेत्र में घर-घर संपर्क के दौरान सांसद डॉ हर्षवर्धन प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष की सरकार की उपलब्धियों के पर्चे बाँटते हुए। साथ में है वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

## दो दिवसीय अंतिम शिविर भाई लक्खी शाह वणजारा हॉल में आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने दिल्ली सहित देश-विदेश में रहने वाली सिख संगत को अपने घरों में मात्रभाषा पंजाबी बोलने की मुहिम को एक आंदोलन के रूप में खड़ा करने के लिए आमंत्रित किया है। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर की देख-रेख में दिल्ली के बच्चों के लिए 20 दिवसीय गुरमति कैंप लगाए गए। जिसमें भाई लक्खी शाह वणजारा हॉल में गुरमति कैंप के दो दिवसीय अंतिम शिविर के पहले दिन आए हुए।

## आदर्श नगर : 12 घंटे में मर्डर केस की गुत्थी सुलझी

### 03 प्रमुख और 05 किशोर सहित 08 हमलावर गिरफ्तार/पकड़े गए. 02 स्वचालित पिस्तौल, 02 देशी पिस्तौल के साथ जिंदा गोला बारूद और अपराध में प्रयुक्त स्कूटी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली आदर्श** नगर थाना ने एक सनसनीखेज हत्या के गुत्थी को 12 घंटे में सुलझाते हुए 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 08 आरोपियों में 05 किशोर है और 03 बालिग। इनके पास से 02 स्वचालित पिस्तौल, 02 देशी पिस्तौल सहित जिंदा गोला बारूद और अपराध में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई। वीहं गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 03 चोरी की स्कूटी एवं 01 चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। 24.06.23 को रात 11.12 बजे आदर्श नगर थाने के पीसीआर को कॉल आई थी जिसमें जिसमें कहा गया था कि "अरिहंत मार्ग, रोड नंबर 51, मुकुंद पुर की ओर जा रहे हैं, कार में एक व्यक्ति को बाइकर्स ने गोली मार दी है"। मौके पर पहुंचने पर कार नंबर डीएल 7सीजे 7153, हुंडई आई 10 शनि मंदिर के पास रोड नंबर 51 के किनारे मिली, जिसके ड्राइवर साइड के दरवाजे पर गोली के निशान थे। दाहिने दरवाजे की खिड़की का कांच टूटकर सड़क पर दूर तक बिखर गया। अंदर और आगे की दोनों सीटों पर काफी खून पड़ा था। कार के पास और अंदर 11 खाली कारतूस और 2 गोलियों के सुराग मिले। कथित तौर पर घायल को पहले ही टीएसआर में अस्पताल ले जाया गया था। मौके पर कोई चश्मदीद गवाह नहीं मिला था।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देश में विकास: भीम सिंह पाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली वार्ड** नम्बर-17 के भाजपा नेता भीम सिंह पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को प्रगति की राह पर लाये है, यही कारण है कि पीएम मोदी के कार्यों की देश ही नहीं विदेशों में भी काफी प्रशंसा हो रही है। भीम सिंह पाल ने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। श्री पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे करती है, उसको पूरा करके दिखाती है।



त्रिनगर क्षेत्र के तोताराम बाजार में जनसंपर्क अभियान के तहत दुकानदारों व खरीदारों से बातचीत कर उन्हें पत्रक बाटते हुए सांसद डॉ. हर्षवर्धन साथ में है निगम पार्षद मीनू गोयल, मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी व अन्य।

## दर्शन एजूकेशन फाउंडेशन की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दर्शन एजूकेशन** फाउंडेशन जो कि एक लाभ न कमाने वाला शिक्षा संस्थान है जोकि उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करता है और साथ ही साथ समाज-कल्याण कार्यों को भी बढ़ावा देता है। इस संस्थान की ओर से 26 जून, 2023 को कृपाल आश्रम, दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की प्रारंभिक शिक्षा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन दिल्ली सरकार के डायरेक्टर ऑफ एजूकेशन के उच्च अधिकारी हिमांशु गुप्ता (आई.ए.एस.) के द्वारा किया गया।



भलस्वा वार्ड में क्षेत्र के दौरे के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए निगम पार्षद अजीत यादव साथ में कई गणमान्य लोग।

# लोगों को जागरूक कर रही है केबीसी चैरिटेबल फाउंडेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली केबीसी** चैरिटेबल फाउंडेशन नरेला समाज हित में केबीसी परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर अपना योगदान दे रही हैं। उसी में एक कड़ी नशा मुक्ति अभियान भी है। नशा मुक्ति अभियान 26 जून को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्ति भारत अभियान के रूप में हुई। यह सोच करके कि देश की तरक्की और उसका भविष्य उस देश के युवाओं के ऊपर निर्भर होता है लेकिन यदि देश की युवा पीढ़ी नशा करने लगे तो ऐसे में उस देश को बर्बाद होने से कोई नहीं बचा सकता। परंतु कुछ युवाओं को यह बात समझ में नहीं आती और वह नशे के आदी हो जाते हैं। नशे की लत में पड़कर वह अपना ही नहीं बल्कि अपने परिवार और पूरे समाज को भी नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण उनका और देश का भविष्य बर्बाद होने की राह पर चल पड़ता है। नशे की लत से कई बीमारियां उनमें जन्म लेने लगती हैं और मनुष्य को पता भी नहीं चलता जैसे कि लीवर खराब होना, पीलिया, फेफड़ों से संबंधित, अस्थमा, सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर बीमारियां और फिर अंत में मृत्यु तक। मेरे प्यारे भाइयों और बहनों नशे की लत में पड़कर आप अपना जीवन पिंजरे में कैद पक्षी की तरह कर रहे हो उससे बाहर निकलने का केवल एक ही रास्ता है और वह है नशा मुक्त होना उसके लिए जरूरी है खुद में आत्मविश्वास पैदा करना और यह संकल्प लेना कि चाहे जो कुछ भी हो जाए मैं नशा नहीं करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा। फिर देखो आप भी अपने आप को कुछ इस तरह से महसूस कर पाओगे जैसे कि कीचड़ में कमल और कमल की महत्वता को आप अच्छे से समझ सकते हो। आओ इस मौके पर हम सब एक शपथ लें कि आज के बाद में किसी प्रकार का कोई भी नशा नहीं करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा और स्वस्थ जीवन व्यतीत करके देश को उन्नति की राह पर लेकर जाऊंगा। केबीसी चैरिटेबल फाउंडेशन नरेला, दिल्ली 40 ने नशा मुक्ति और पूर्णवास केंद्र, गली नंबर 8, नजदीक जॉनी फार्म हाउस, सफियाबाद रोड़, नरेला, दिल्ली-40 में मैंने एक वर्कशॉप के माध्यम से ये संदेश नशे की गिरफ्त में आ चुके विद्यार्थियों को दिया और उसके दुष्परिणाम से अवगत कराया।
साथ ही उनके स्वस्थ भविष्य की कामना की। जिसमें हमारे साथ नशा केंद्र के अमित और स्वामी मुकेश और केंद्र के अन्य साथियों के साथ केबीसी परिवार से सीनियर सिटीजन राजपाल भी मौजूद थे।
केबीसी के ब्रांड एंबेसडर स्वाति मेहरा और आकाश खत्री फेमस एल्बम कलाकार ने भी इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इनको हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।




**जागरूकता**

**8 स्वाति मेहरा और आकाश खत्री फेमस एल्बम कलाकार ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।**

## मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को समाधान का दिया आश्वासन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली भाजपा** के सिख नेता व दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में सिखों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून में मुलाकात की। स. सिरसा के अलावा प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों, बाबा प्रताप सिंह बाजपुर व काशीपुर की संगत शामिल हुई। मीटिंग के संबंध में विवरण साझा करते हुए सिरसा ने बताया कि मीटिंग सकारात्मक रही।

# विकास का झूठा राग अलाप लोगों को गुमराह कर रही है भाजपा: लखन सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सेंट्रल मार्किट पुरानी सब्जी मण्डी ओल्ड फरीदाबाद के नवनियुक्त प्रधान राजकुमार गर्ग के नेतृत्व में एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला से उनके ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर मुलाकात की और दुकानदारों व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। इस दौरान कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला नवनियुक्त प्रधान राजकुमार गर्ग व उनकी टीम का मुंह मीठा कराया और उनके प्रधान चुने जाने पर उनका



स्वागत किया। प्रधान राजकुमार गर्ग ने श्री सिंगला को बताया कि सेंट्रल मार्किट पुरानी सब्जी मण्डी में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, यहां सोडियम लाईट नहीं लगी, जिसके चलते रात्रि के समय अंधेर रहता है और असामाजिक तत्व सक्रिय रहते है वहीं मार्किट में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है, गंदगी के ढेरों से बदबू आती रहती है वहीं सुरक्षा के लिहाज से यहां प्रशासन ने कोई सीसीटीवी कैमरे आदि नहीं लगा रखा तथा मार्किट में शौचालय की भी कमी है, जिससे दुकानदारों व व्यापारियों को परेशानियां पेश आती है। उन्होंने बताया कि जब प्रदेश में कांग्रस की सरकार थी, तो उस समय 2012 में लखन कुमार सिंगला के प्रयासों से यहां हाईमॉस्क लाईटें लगी थी और यहां ट्यूबवैल भी लगाया गया था, लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार में इस ट्यूबवैल की रिपेयरिंग तक नहीं हुई है। व्यापारियों व दुकानदारों की समस्याएं सुनने के बाद लखन कुमार सिंगला ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों खराब है, पिछले नौ सालों के शासनकाल में इस सरकार ने जनता को महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है, आज व्यापारी व दुकानदार वर्ग जीएसटी जैसे काले कानून के चलते भुखमरी के कगार पर है, लेकिन भाजपाइ झूठे विकास का राप अलापकर लोगों को गुमराह कर रहे है, लेकिन जनता अब इनके बहकावे में नहीं आने वाले बल्कि वोट की चोट से इन्हें जवाब देने का काम करेगी। लखन सिंगला ने व्यापारियों के मांगपत्र को लेते हुए कहा कि उनकी मांगों को लेकर वह संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके उन्हें दूर करवाने का भरसक प्रयास करेंगे।

# पूर्वांचल समाज मेहनतकश समाज: रंजू प्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डबुआ कालोनी स्थित भोजपुरी अवधी समाज धर्मशाला में एक कार्यक्रम का आयोजन भोजपुरी अवधी समाज द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पोस्टल सर्विस की वरिष्ठ अधिकारी रही रंजू प्रसाद ने शिरकत की।

इस अवसर पर भोजपुरी अवधी समाज के संरक्षक रमाकांत तिवारी, रघुबर दयाल, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी का बुक्के देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती रंजू प्रसाद ने कहा कि पूर्वांचल समाज मेहनतकश समाज है। आज इस समाज की बदौलत आज किसी भी संस्था में कार्य नहीं चलता है। पूर्वांचल समाज को अपनी पहचान बरकरार रखी चाहिए और गर्व से कहना चाहिए कि वह मेहनतकश पूर्वांचल समाज से है।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में पूर्वांचल भवन बनाने व पूर्वांचल बोर्ड का गठन करवाने की मांग भी रखी। जिस पर श्रीमती रंजू प्रसाद ने कहा कि वह इस बारे में एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर केन्द्र व राज्य सरकारों से ज्ञापन के माध्यम से मांग करेंगें।

इस अवसर पर बद्रीप्रसाद, रामसेवक शाह, पी.के.गुप्ता सैक्टर-15, द्वारिका प्रसाद, रामलक्ष्मण यादव, नरेश प्रसाद महासचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गाँव नचोली, राजपुर कलां व झाड़सेंतली में सरकार की जनहितैषी योजनाओं हेतु किया गया विशेष प्रचार: डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सूचना, लोकसंपर्क, भाषा एवं संस्कति विभाग के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के निदेर्शों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक माह का विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया। इसी श्रृंखला में आज सोमवार को जिला स्थित गाँव झाड़सेंतली में शत्रुघन नागर ड्रामा पार्टी द्वारा तथा गाँव राजपुर कलां एवं नचोली में हरिकिशन भजन पार्टी द्वारा ग्रामवासियों को प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं बारे नाटकीय रूप में आमजन का मनोरंजन करते हुए जागरूक किया गया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि इस विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जन हितैषी योजनाओं जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई खरीद पोर्टल, ई-नाम कृषि उपज मंडियां, किसान मित्र योजना, धान के स्थान पर अन्य फसलों जिनमें मक्का, कपास, बाजरा, दाल चना व चारा को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण के तहत सात हजार रुपये की सब्सिडी, स्वामित्व योजना, अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, चिरायु कार्य, परिवार पहचान पत्र से मिलने वाले लाभ, हर घर नल से जल, चिरायु योजना सहित आमजन को लाभ देने के लिए शुरू की गई सैकड़ों योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृत्व वंदना योजना, महिला हैल्पलाइन नंबर 181, किशोरी शक्ति योजना, कन्या कोष, एसिड अटैक से पीडित महिलाओं का पुर्नवास के अलावा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी भी दीजा रही है।

पंचायत उपचुनाव के चलते आचार संहिता वाले गांवों में नहीं होगा प्रचार

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि भजन पार्टियों को निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत उपचुनाव के लिए जिन गांवों में उपचुनाव हैं और आचार संहिता लागू हैं उन गांवों में प्रचार अभियान नहीं चलाया जाएगा।

इस दौरान सभी भजन पार्टियों के सदस्यों को निर्देश दिए कि प्रचार के दौरान आम बोलचाल की भाषा में भजनों व नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। विशेष प्रचार अभियान में पूरन मल भजन पार्टी, बिजेंद्र सिंह सिहोल भजन पार्टी, बिजेंद्र सिंह मित्रोल भजन पार्टी, कुमार पाल भजन पार्टी, हरिकिशन भजन पार्टी और शत्रुघन नागर ड्रामा पार्टी शामिल हैं।

### अब शहर के अंदर की सड़कें दिखेंगी नई लुक में

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

जींद शहर के अंदर की सड़कें जल्द ही नए लुक में नजर आएंगी। जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से जींद शहर में नगर परिषद के अधीन आने वाली तीन सड़कों को लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर किया जा चुका है। अब विधायक की अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र ही इन सड़कों के निर्माण व जीर्णोद्धार को लेकर टेंडर लगाए जाएंगे। जिसके चलते जल्द ही इन सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

### जींद : नशीली प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक काबू

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

नरवाना खंड के गढ़ी थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को प्रतिबंधित दवाओं के साथ काबू किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 15 पत्ते एल्प्रोजलम और एक पत्ता ट्रामाडोल का बरामद कर उसके खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव रेवर निवासी गुलाब सिंह नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है और वह अपने घर से नशीली गोलियों की सप्लाई के लिए गांव दातासिंहवाला में आएगा।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत मिला युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय बेरोजगार युवाओं के हुनर को तराश कर उन्हें रोजगार की मुख्यधारा में शामिल करेगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नौ हजार युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार के सेक्टर के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत देश में यह सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। इसे पूरा करने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल करेगा।



कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज भी अपने-अपने क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के साथ जोड़ कर प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि सिलाई -कढ़ाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मीडिया, आईटी, लोजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट और हेल्थ केयर के सेक्टर में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि युवाओं के पंजीकरण शुरू कर दिए हैं, जोकि 30 जून तक जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि दुधौला कैंपस और गुरुग्राम स्थित ट्रांजिट कैम्पस में दोनों जगह यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेरोजगार युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है। दो लाख से कम आमदन वाले परिवारों से संबंध रखने वाले युवाओं को एक हजार रुपए छात्रवृति के रूप में दिए जाएंगे।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को अलग अलग जॉब रोल के लिए तैयार करना है, ताकि बेरोजगारी खत्म हो और इंडस्ट्री को प्रशिक्षित कामगार मिल सकें। उन्होंने कहा कि इससे स्वरोजगार का मार्ग भी खुलेगा। इससे पलवल जिले के युवाओं को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कुछ दिनों में ही युवाओं को जॉब रोल के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उनके हाथ में हुनर होगा तो मार्केट में उनकी कदर होगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत बेरोजगारी को खत्म कर युवाओं को रोजगार के योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग के बिजनेस डेवलपमेंट हेड सरोज मिश्रा ने बताया कि इसी कड़ी में 28 जून को दुधौला कैंपस और गुरुग्राम ट्रांजिट कैम्पस में वॉक इन रखा गया है।

# गौपुत्र संपत सिंह की जयंती पर लगाए पौधे

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

गौपुत्र सेना के संस्थापक अध्यक्ष गौलोकवासी संपत सिंह की जयंती के अवसर पर संगठन की ओर से महापौधरोपण अभियान चला कर पूरे देश में एक लाख से अधिक पौधे लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनके पैतृक गांव में कार्यक्रम आयोजित कर 550 पौधे लगाए गए।

सोमवार को हुए कार्यक्रम में नलवा से जजपा प्रत्याशी रहे नेता वीरेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि रहे जबकि विश्व हिन्दू परिषद पंजाब के प्रदेश सह प्रमुख विजय मारवाड़ी व गौपुत्र सेना पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष गौपुत्र गर्वित गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौपुत्र



सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौपुत्र रमेश कुमार ने की। पौधारोपण कार्यक्रम में बालवास ग्राम पंचायत ने भी पूर्ण सहयोग किया।

गौपुत्र सेना के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गौपुत्र ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि गौलोकवासी संपत सिंह की जयंती के अवसर पर गौपुत्र सेना की हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र सहित देशभर के नौ राज्यों में गौपुत्रों द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाकर महा पौधारोपण अभियान चलाया गया।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**

नारनौल के फाटक नंबर 44 पर डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लाइन पर जा रही अज्ञात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार को उसका शव डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लाइन पर पड़ा मिला। शव की पहचान राजस्थान के नीमकाथाना के रायली गांव निवासी 75 वर्षीय रामेश्वर के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि व्यक्ति 15 दिन से घर से लापता था तथा वह बकरी चराने का नाम लेकर घर से निकला था। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

# फुलैरा, नरयाला व गोथरा मौहताबाद में जागरूकता कैम्प का आयोजन : डॉ. रमेश कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा आज सोमवार को जिला स्थित गाँव फुलैरा, नरयाला व गोथरा मौहताबाद में जागरूकता कैम्पों का आयोजन किया गया। इन जागरूकता कैम्पों मे गाँवों के सरपंच/पंचायत प्रतिनिधियों सहित लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। इन जागरूकता कैम्पों में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, मेरा पानी-मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के पंजीकरण करने हेतू व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व जल शक्ति अभियान के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू करवाया गया। इसके अतिरिक्त बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सके। तथा इस कैम्प मे विभाग की सभी योजनाओं के बारे मे किसानों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इसी प्रकार से जिला फरीदाबाद के सभी गाँवों मे जागरूकता कैम्पस आयोजित किये जाएँगे। तथा जिला फरीदाबाद के सभी गाँवों मे कैम्स माह अगस्त तक किए जाएँगे। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि बागवानी फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत किसानों को प्रति एकड प्रीमीयम राशि 2.5 प्रतिशत सब्जियों मसालों के लिए 750 रुपए प्रति एकड़ व फलों के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ देना होगा। सब्जियों एवं मसालों के लिए न्यूनतम मुआवजा राशि प्रति एकड़ 15,000 रुपए व अधिकतम 30,000/- रुपए तथा फलों के लिए न्यूनतम मुआवजा राशि 20,000 रुपए व अधिकतम 40,000/- रुपए होगी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने उन्नत तकनीकी प्रदर्शन केंद्र राष्ट्र को किया समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सोमवार को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा नई दिल्ली बदरपुर में स्थापित उन्नत औद्योगिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र (उत्प्रेरक) को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर आईएएस आलोक कुमार, अजय तिवारी, अतिरिक्त सचिव (विद्युत) भारत सरकार, आशीष उपाध्याय, विशेष सचिव-वित्तीय सलाहकार, विद्युत मंत्रालय, जितेश जॉन, आर्थिक सलाहकार, विद्युत मंत्रालय, बीईई महानिदेशक अभय बाकरे, डॉ. तृप्ता ठाकुर, महानिदेशक, एनपीटीआई, अशोक



कुमार उप-महानिदेशक बीईई, डॉ. मंजू माम प्रधान निदेशक, एनपीटीआई कॉरपोरेट कार्यालय, श्री एसके खंडारे निदेशक बीईई, संस्थान प्रमुख एनपीटीआई-बदरपुर डॉ. इन्दु माहेश्वरी उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह केन्द्र अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है तथा इसमें स्थापित विशेष प्रयोगशालाओं की श्रृंखला स्टील, सीमेंट, कपड़ा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को सक्षम बनाती है। उन्नत औद्योगिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र-उत्प्रेरक नवाचार, अनुसंधान एवं विकास की अनवरत कोशिश का साक्षी है। नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित और प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों की एक टीम द्वारा संचालित इस केंद्र का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में अभूतपूर्व विचारों को वास्तविकताओं में बदलते हुए सैद्धांतिक अवधारणाओं और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बीच एक पुल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में क्षमता निर्माण को सक्षम बनाएगा और ज्ञान-संग्रहण तथा संगोष्ठियों में परिचचाओं के लिए भी एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

# 3 से 13 जुलाई तक वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों हेतु जांच-माप शिविरों का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार जिला के दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के माध्यम से विशेष दस दिवसीय जांच माप शिविरों का आयोजन 3 से 13 जुलाई 2023 तक किया जाना है। इसी संबंध में आज सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग सहित विभिन्न विभाग के



अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि इन जांच-माप शिविरों में जरुरतमंदों को आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग उपलब्ध करना सुनिश्चित करें तथा एनआईसी को शिविरों में विशेष आधार कैम्पों का आयोजन करने हेतु भी आदेश दिए। इसके माध्यम से दिव्यांगजनों को अपने आधार कार्ड में बदलाव कराने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने सभी अधिकारीयों व कर्मचारियों को इन कैम्पों के सफल आयोजन हेतु जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने पंचायत विभाग व अन्य क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से इन कैम्पों का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने का आश्वासन दिया ताकि ज्यादा-से-ज्यादा पात्र दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक इन सुविधाओं का लाभ लें सकें। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राकेश मोर ने बताया कि पंचायत के प्रतिनिधियों के माध्यम से भी पात्र व्यक्तियों तक शिविरों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सोरौत ने बताया कि इस शिविरों का आयोजन जिला प्रशासन व जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम एलिम्को कानपुर की टीम द्वारा 3 जुलाई 2023 को सीएचसी कौराली, 4 जुलाई को पीएचसी मोहना, 5 जुलाई को एफआरयू सेक्टर-30, 6 जुलाई को सीएचसी पाली, 7 जुलाई को सीएचसी तिगांव, 8 जुलाई को यूएचसी एसजीएम नगर, 10 जुलाई को यूएचसी मेवला महाराजपुर, 11 जुलाई को सीएचसी खेड़ी कलां, 12 जुलाई को एफआरयू सेक्टर-30 और 13 जुलाई को सिविल हस्पताल बीके में आयोजित किए जाएँगे।

# जर्मनी में आयोजित स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल-2023 में भल्ला ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बर्लिन में आयोजित हुए स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों-2023 के उद्घाटन समारोह में जिले के मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ना सिर्फ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। बल्कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जर्मनी के इंडिया हाउस में आयोजित हुए योग कार्यक्रम में भी शिरकत की। जर्मनी में भारत के राजदूत हरीश पर्वथानेनी ने योग कार्यक्रम में उनका स्वागत किया



और उन्हें घर पर भोजन का भी आमंत्रण दिया। जर्मनी इस दौरे में उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा, उनकी पत्नी श्रीमती रिनिकी भुइयां शर्मा और गोवा के खेल मंत्री श्री गोविंद गौडे भी उपस्थित रहे। डॉ. अमित भल्ला ने कहा कि, ह्ये बर्लिन की सबसे महत्वपूर्ण यात्राओं में से एक अनुभव रहा है और मैं एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में वहां से वापस लौटा हूं। स्पेशल ओलंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने 2 सौ से ज्यादा पदक जीतकर विश्व पटल पर नाम चमकाया है। गौरतलब है कि स्पेशल ओलंपिक्स-2023 खेलों के लिए पिछले साल 15 से 20 जुलाई तक मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की मेजबानी की थी। इस दौरान टेबल टेनिस खेल के लिए 14 राज्यों के 72 एथलीटों और 32 कोचों सहित 104 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 27 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**सागर।** सागर में लोकायुक्त टीम ने पड़रिया के पटवारी गौरव मिश्रा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। गौरव ने जमीन के सीमांकन कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। टीम ने उसे नाजिर शाखा में रंगे हाथ पकड़ा। उसे सिविल थाने ले जाया गया, जहां कार्रवाई चल रही है। कार्रवाई टीम में लोकायुक्त उपुअ मंजू सिंह, निरीक्षक रंजीत सिंह, रोशनी जैन, प्रआर अजय क्षेत्रीय, आरक्षक आशुतोष व्यास, सुरेंद्र ठाकुर, विक्रम सिंह, नीलेश पांडेय आदि शामिल थे।

## गोली मारकर युवक की हत्या

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सौनो पंचायत के सैनो गांव निवासी गोपी तांती के 17 वर्षीय पुत्र पांचु तांती की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि गांव के ही राजू तांती के यहां से बारात रविवार देर रात्री 12 से 1 बजे के बीच निकली थी। वही बारात देखने युवक अपने घर से निकला था। सोमवार सुबह पांच बजे शक्ति स्थान के पास युवक को लोगों ने गोली लगने से घायल पाया। इसकी सूचना जगदीशपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे बेहतर इलाज के पटना रेफर कर दिया गया है। पटना जाने के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक गोली किसने और क्यों मारी, इसको लेकर जगदीशपुर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल परिजन भी कुछ नहीं बता रहे हैं।

## कांग्रेस का बूथ चलो अभियान का शुभारंभ

**रायपुर।** कांग्रेस का बूथ चलो अभियान का शुभारंभ सोमवार को बस्तर संभाग से शुरू हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा कांकेर विधानसभा के नवागांव, गोविंदगढ़ के बूथों पर तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भानुप्रतापपुर विधानसभा के चारामा बूथ पर बूथ पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभारी कुमारी सैलजा एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम बूथ कमेटी के पदाधिकारियों से पूरी एकजुटता से कांग्रेस की विचारधारा एवं कांग्रेस सरकार के कामों को जन-जन तक ले जाने एवं आने वाले चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। प्रभारी कुमारी सैलजा एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम कांकेर के मचांदुर बूथ के कार्यक्रम में भी शामिल हुये। राष्ट्रीय सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का बस्तर विधानसभा, मंत्री टीएस सिंहदेव चित्रकोट विधानसभा, डॉ. शिवकुमार डहरिया बीजापुर विधानसभा, मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह कोण्डागांव विधानसभा, मंत्री कवासी लखमा दंतेवाड़ा विधानसभा, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा केशकाल विधानसभा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय अंतागढ़ विधानसभा, सांसद दीपक बैज कोन्टा विधानसभा, सांसद फूलोदेवी नेताम नारायणपुर विधानसभा में शामिल हुये। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी एवं महामंत्री रवि घोष, पीयूष कोसरे भी उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ल ने बताया कि बूथ चलो अभियान में कांग्रेस के दस हजार से अधिक नेता 23 हजार से अधिक बूथों तक जाकर बूथ कमेटियों की बैठक लेंगे।

# दो दिन भारी बारिश का अनुमान

### हिमाचल के मंडी में 20 घंटे में दूसरा लैंडस्लाइड, चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर 10 किमी लंबा जाम

सावधानी बरतें

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि खराब मौसम की वजह से केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/नई दिल्ली**

**मौसम** विभाग ने सोमवार को बताया कि 48 घंटों में मध्यप्रदेश समेत 25 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से मंडी जिले में पिछले 20 घंटे में लैंडस्लाइड की दूसरी घटना हुई। इसकी वजह से 2 नेशनल हाईवे सहित 380 सड़कें बंद हैं। चंडीगढ़-मनाली एनएच-21 सात मील और चार मील के पास 20 घंटे से बंद पड़ा है। इस रूट पर 10 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा हुआ है। सोमवार को सात मील के पास दोबारा लैंडस्लाइड हुआ। ऐसे में हाईवे के बहाल होने के आसार कम दिख रहे हैं। सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंसी हुई हैं। वहीं, उत्तराखंड में भारी बारिश से बद्रीनाथ हाईवे बह गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि खराब मौसम की वजह से केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, कोंकण-गोवा, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा में बारिश होगी।

### एमपी में जमकर हो रही बारिश

**मानसून** ने पूरे मध्यप्रदेश को कवर कर लिया है। इसके बाद जमकर बरस रहा है। सोमवार को छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में अति बारिश होने का अलर्ट है। यहां 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिरने का अनुमान है। वहीं, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, नरसिंहपुर और सागर में हेवी रैन हो सकती है।

## हिमाचल प्रदेश: बारिश से तबाही



**पूरे** प्रदेश में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते मनाली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे और मंडी कटौला वाया बजोरा मनाली रोड गत रात्रि से बंद है। जिस कारण पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संपर्क मार्ग बंद हो जाने से पंडोह से नेरचौक तक करीब 10000 गाडि?ों के पहिए थम चुके हैं। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि लॉन्ग रूट की गाड़ियों को फिलहाल नेरचौक के पास रोका जा रहा हैं ताकि शहर में जाम की सिथिति पैदा ना हो। पंडोह के खोतीनाला में रोड बंद होने के कारण हजारों की संख्या में पर्यटकों की गाडियां जाम में फंस गई है। लगातार बढ़ रही गाडियों की आवाजाही के चलते मंडी पुलिस विभाग कुल्लू मनाली की तरफ जाने वाली बसों से लेकर छोटे-बड़े सभी वाहनों को रोक दिया गया है

खोती नाला से वाहनों की आवाजाही शुरू: मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे को कड़ी मशक्कत के बाद बीती रात को ही वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। वहीं चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे औट के खोती नाला के पास पुल पर भारी मात्रा में पानी आने से बंद हो गया था। जिसे आज सुबह वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है। पंडोह से गाड़ियों को गोहर वाया चैलचौक भेजा जा रहा है। मंडी पंडोह 4 मील व 7 मील के पास चट्टानें गिरने से बीती रात से बंद है। जिस कारण यहां पर सैकड़ों की संख्या में वाहन फं से हुए हैं। वाहन चालकों व पर्यटकों को सडक किनारे गाडियां खड़ी कर रात बिताई पड़ी।

# महाराष्ट्र के दौरे पर निकले तेलंगाना सीएम चंद्रशेखर



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मुखिया के चंद्रशेखर राव सोमवार को महाराष्ट्र के सोलापुर के लिए रवाना हुए। पूरे लाव-लश्कर के साथ निकले चंद्रशेखर राव के काफिले में करीब 600 वाहन शामिल हैं। इनमें उनकी पार्टी के नेता, मंत्री, सांसद विधायक आदि सवार हैं। हैदराबाद के प्रगति भवन से सोलापुर के लिए शुरू हुई उनकी यात्रा रोड शो में बदल गई। चंद्रशेखर की एक झलक पाने के लिए उनके समर्थक सड़कों पर उतर आए और फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। समर्थक राव के समर्थन में नारीबाजी कर रहे थे।

ताकत दिखाई

- पूरे लाव-लश्कर के साथ निकले चंद्रशेखर राव के काफिले में करीब 600 वाहन शामिल हैं

सीएम चंद्रशेखर राव ने पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र के कई जिलों में बड़ी जनसभाएं की हैं। इन सभाओं में उन्होंने विकास का तेलंगाना मॉडल पेश किया। यही नहीं पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र के कुछ नेताओं ने बीआरएस का दामन भी थामा है।

# दो राज्यों में सड़क हादसा, 20 लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/भुवनेश्वर**

ओडिशा और महाराष्ट्र में रविवार को अलग-अलग सड़क हादसों में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओडिशा के गंजम जिले में रविवार को दो बस आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, दूसरा हादसा महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले का है। यहां दापोली में स्टेट हाईवे पर एक ट्रक ने सवारी गाड़ी को टक्कर मार दी जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। बरहमपुर एसपी सरवण विवेक ने बताया- ओडिशा राज्य सड़क परिवहन निगम की बस और प्राइवेट बस के बीच दिगपहांडी में आमने- सामने की टक्कर हुई है।

दुखद

- 22 घायल; ओडिशा में दो बसें टकराईं, महाराष्ट्र में ट्रक ने सवारी गाड़ी को टक्कर मारी

**महाराष्ट्र:** दापोली स्टेट हाईवे पर ट्रक और मैजिक वाहन की टक्कर: रत्नागिरी पुलिस ने बताया कि एक ट्रक सामान उतारने के बाद दापोली की ओर तेजी से जा रहा था। हर्णे गांव के पास ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 14 अन्य का इलाज चल रहा है।

# नेपाल में इंडियन करंसी पर अघोषित बैन

नए नियम

**टीम एक्शन इंडिया/नेपाल**

**भारत में** 2000 की नोटबंदी के बाद नेपाल का नया पैंतरा है। 100 रुपए से अधिक मूल्य के भारतीय नोट पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। नेपाल में भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन खतरनाक स्तर पर है।

भारतीय नियमों के मुताबिक आप 25 हजार कैश लेकर नेपाल जा सकते हैं, लेकिन नेपाल की वर्तमान व्यवस्था के मुताबिक ये गैरकानूनी है और आपकी गिरफ्तारी हो सकती है। सख्ती ऐसी है कि




100 रुपए से अधिक की खरीदारी पर नजर रखी जा रही है और यह कार्रवाई के दायरे में है। हालात की गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि सिर्फ बिहार से लगते बाजारों में प्रतिदिन 125 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो रहा है। भारतीय 100 रुपए के बदले नेपाल का 160 रुपए हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में यह 150 रुपए तक हो गया है। इस वजह से बिहार और नेपाल से सटे बाजारों में पूरी तरह सन्नाटा है। मनी एक्सचेंजर भी भारतीय करंसी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। हालांकि नेपाल और भारत के बीच करंसी को लेकर कोई औपचारिक समझौता नहीं है, लेकिन ये पारंपरिक रूप से दोनों तरफ स्वीकार्य रहे हैं। नेपाल के बाजारों में खुलेआम बट्टा काटकर भारतीय नोट लिए जा रहे हैं।

- 100 रुपए से अधिक की खरीदारी पर नजर, बिहार से सटे बाजार में 125 करोड़ का कारोबार प्रभावित

## नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे महान प्रधानमंत्री: फ्रेडी स्वान

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारत ही नहीं, दुनिया के सबसे महान प्रधानमंत्री मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी का विजन देश को समृद्धि की ओर ले जाना है। यह बात फ्रेडी ने दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब सभागार में 'प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत' की तरफ से आयोजित "नौ साल बेमिसाल, मोदी सरकार" कार्यक्रम में कही । फ्रेडी ने कहा कि वह आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार को धन्यवाद देते हैं।

## एनएच-707 पर चलती कार पर गिरी चट्टानें

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

नेशनल हाईवे-707 पर इन दिनों सफर करना खतरे से खाली नहीं है। एनएच निर्माण के दौरान अक्सर सडक हादसे सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को उस समय आया जब एनएच 707 पर गंगटोली के समीप सडक से एक कार गुजर रही थी कि अचानक ऊपर से चट्टाने गिर गई। गनीमत यह रही कि दोनों कार सवार उतर गए और कार आगे निकल गई। भगवान की कृपा कहें या उनकी किस्मत अच्छी की दोनों बाल-बाल बच निकले।






मोदी सरकार के उपलब्धियों भरे 9 वर्ष में गरीब कल्याण के क्षेत्र में प्रमुखता से कार्य हुआ है। महाजनसंपर्क अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिला ऊना के समूर कलां में जनसभा को सम्बोधित किया।

आंकड़े — कांग्रेस की सरकार के मात्र 6 महीने के कार्यकाल में ही 40 से अधिक हत्याएं, 150 से अधिक रेप केस

# चंबा हत्याकांड: भाजपा ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लिया

सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**भाजपा** हिमाचल प्रदेश ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल के नेतृत्व में हिमाचल से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने वर्तमान कांग्रेस सरकार को मनोहर चंबा हत्याकांड और प्रदेश में चल रही कानून अव्यवस्था को लेकर आड़े हाथ लिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा भारतीय जनता पार्टी चंबा जिला के ग्राम पंचायत भांदल स्थित थरोली गांव, जोकि जिला केन्द्र से 60 किमी की दूरी पर स्थित है, में पिछले दिनों मनोहर लाल नामक युवक, जिसकी आयु लगभग 25 वर्ष थी, की निर्मम हत्या के संबंध में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती है। गांव के लोगों की जानकारी के मुताबिक मनोहर नामक युवक 6 जून, 2023 को प्रातः 7 बजे घर से निकला परन्तु शाम को जब वह घर वापिस नहीं



- मनोहर के शरीर के 8 टुकड़े किए गए थे और इस निर्मम हत्याकांड को महज एक हत्या के रूप में नहीं देखा जा सकता